वर्ष 24, अंक 322, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    रविवार 31 मई 2026    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

भतीजे पर अटैक के बाद भड़कीं ममता बनर्जी, कांग्रेस-सपा भी आईं साथ

## 'शासक हत्यारे बन गए'

**● हेलमेट पहनकर बचाई जान, फाड़े कपड़े, फेंके अंडे**



पश्चिम बंगाल के सोनारपुर में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले पर तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई है. उन्होंने इस हमले के लिए भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर भाजपा को हत्यारा तक करार दिया है.

उन्होंने अपने पोस्ट में टीएमसी के आधिकारिक हैंडल से शेयर किए गए वीडियो पोस्ट को री-शेयर करते हुए सिर्फ एक लाइन लिखी है. उन्होंने लिखा, शासक बने हत्यारे... भारतीय जनता पार्टी पर शर्म आती है.

अभिषेक बनर्जी से मिलने अस्पताल पहुंचीं ममता बनर्जी

वहीं, टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी सोनारपुर हमले में घायल हुए अपने भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से मिलने शनिवार (30 मई, 2026) की शाम कोलकाता स्थित अपोलो अस्पताल पहुंची, जहां अभिषेक बनर्जी इलाजरत हैं.

TMC ने अभिषेक बनर्जी पर हमले को लेकर क्या कहा?

तृणमूल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल पर पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी पर हुए सोनारपुर में हुए हमले का एक वीडियो पोस्ट शेयर किया. पोस्ट में कैप्शन में पार्टी ने लिखा, ह्यअपने बातों पर कायम रहते हुए अभिषेक बनर्जी ने संजू कर्मकार के शोकाकुल परिवार का साथ छोड़ने से इनकार कर दिया.

पार्टी ने कहा, ह्यभाजपा समर्थित उपद्रवियों के हिंसक हमले के बावजूद, हमारे राष्ट्रीय महासचिव ने पीछे हटने का रास्ता नहीं चुना. इसके बजाय, वे उस परिवार के साथ खड़े रहे, जो कथित तौर पर भाजपा समर्थित गुंडों की तरफ से पहुंचाए गए एक अकल्पनीय नुकसान से टूट चुका है. यही करुणा से प्रेरित राजनीति और नफरत से प्रेरित राजनीति के बीच का अंतर है।

### अभी एक महीना भी नहीं हुआ ...

**तृणमूल** कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ितों से मिलने के दौरान हमला हुआ। सोनारपुर में बाइक से प्रवेश करते समय प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें सिर, गर्दन और चेहरे पर बेरहमी से थप्पड़ और घूंसे मारे गए। इसी बीच, क्रिकेट हेलमेट पहने तृणमूल सांसद सोनारपुर में मारे गए तृणमूल कार्यकर्ता संजू कर्मकार के घर की ओर बढ़ते रहे। उन पर अंडे फेंके गए। जूते भी फेंके गए। उनकी सफेद कमीज के बटन तोड़ दिए गए। तृणमूल नेता उसी हालत में चलते रहे। पुलिस ने प्रदर्शन को नियंत्रित करने की कोशिश की। इसके बाद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह सब भाजपा द्वारा प्रायोजित है। देखिए उन्होंने क्या कर दिया है। यही उनका लोकतंत्र का उदाहरण है। अभी एक महीना भी नहीं बीता है और पुलिस का नामोनिशान नहीं है। दरअसल, अभिषेक के सोनारपुर जाने से पहले, कहीं-कहीं महिलाएं हाथों में अंडे लिए खड़ी नजर आईं।

## डीके शिवकुमार का कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनना तय

सिद्धारमैया के प्रस्ताव पर चुने गए विधायक दल के नेता



**कर्नाटक**

**बेंगलुरु** में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में डीके शिवकुमार को सर्वसम्मति से कांग्रेस विधायक दल का नया नेता चुन लिया गया है. इस फैसले के साथ ही कर्नाटक में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है. बैठक में कांग्रेस के सभी प्रमुख विधायक और पार्टी नेता मौजूद रहे. लंबे समय से चल रही राजनीतिक चचाओं के बाद आखिरकार पार्टी ने डीके शिवकुमार के नाम पर मुहर लगा दी. विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद अब उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया है. डीके शिवकुमार के विधायक दल का नेता चुने जाने के साथ ही कर्नाटक की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरूआत मानी जा रही है. लंबे समय से मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार रहे शिवकुमार अब राज्य की कमान संभालने के करीब पहुंच गए हैं।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने विधायक दल के नेता के लिए डीके शिवकुमार के नाम का सुझाव दिया था. इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विधायक दल की बैठक में डीके शिवकुमार के नाम का प्रस्ताव रखा. इस प्रस्ताव का समर्थन वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. जी. परमेश्वर ने किया. बैठक में मौजूद सभी विधायकों ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया. किसी भी विधायक ने इसका विरोध नहीं किया. इसके बाद डीके शिवकुमार को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुन लिया गया।

**केंद्रीय मंत्री का दावा-**

## पहले गांधी, अब पीएम मोदी हैं भारत के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली**

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब देश के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले विदेशों में भारत की पहचान केवल महात्मा गांधी से जुड़ी हुई थी। उन्होंने कहा कि 10-15 साल पहले तक, अगर कोई पर्यटक विदेश में किसी को बताता कि वह भारतीय है, तो जवाब होता, भारत! अरे, गांधी जी! शनिवार को एक बातचीत में मंत्री ने कहा कि भारत की छवि और पहचान गांधी जी से जुड़ी हुई थी। शेखावत ने कहा कि लेकिन आज, और मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ, आप दुनिया के किसी भी देश में जा सकते हैं... सबसे छोटे कैरेबियन द्वीप से लेकर अमेरिका तक, और दक्षिण एशिया से लेकर पश्चिम एशिया तक, आप कहीं भी जा सकते हैं, और अगर आप किसी को बताते हैं कि मैं भारत से हूँ, तो आप उनके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान और एक विस्मयबोधक शब्द देखेंगे भारत!

## रेत का रौद्र तांडव! विशाल बवंडर ने दिन को बनाया रात

**राजस्थान**

राजस्थान के बीकानेर में एक भीषण धूल भरी आंधी चली, जिससे शहर के कुछ हिस्से धूल के विशाल गुबार से ढक गए और दृश्यता काफी कम हो गई। इलाके से साझा किए गए वीडियो में तेज हवाओं के कारण सड़कों पर धूल के घने बादल उड़ते हुए दिखाई दे रहे थे, जिससे आसमान गहरा नारंगी-भूरा हो गया और निवासियों को घरों के अंदर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। तेज हवाओं के कारण पेड़ भी बुरी तरह हिल रहे थे।

**2 घंटे की देरी से परेशान हुए छात्र**

## देश के कई केंद्रों पर तकनीकी गड़बड़ी से थमी परीक्षा



**नई दिल्ली: नेशनल** टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2026 के दौरान 30 मई को एक बड़ा संकट खड़ा हो गया। देश के विभिन्न राज्यों में बने कई परीक्षा केंद्रों पर अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण सुबह की शिफ्ट की परीक्षा अपने तय समय से काफी देरी से शुरू हो सकी। इस अप्रत्याशित गड़बड़ी की वजह से परीक्षा केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिससे कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे लाखों छात्रों और धूप में बाहर इंतजार कर रहे उनके अभिभावकों को भारी मानसिक तनाव और असुविधा का सामना करना पड़ा।

TCS ने रिपोर्ट की तकनीकी खराबी

परीक्षा के आयोजन में आई इस बड़ी बाधा को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने तुरंत स्थिति को संभालने का प्रयास किया। एनटीए ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि परीक्षा के लिए उनकी तकनीकी पार्टनर 'टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज' ने कुछ केंद्रों पर सर्वर और सिस्टम से जुड़ी तकनीकी दिक्कतों को रिपोर्ट किया था। हालांकि, एजेंसी ने छात्रों को राहत देते हुए यह साफ किया कि अब इस समस्या को पूरी तरह से सुलझा लिया गया है। एनटीए ने यह भी आश्वासन दिया है कि जिन केंद्रों पर परीक्षा देरी से शुरू हुई है, वहां उम्मीदवारों को पूरा अतिरिक्त (क्षतिपूर्ति) समय दिया जाएगा। एजेंसी का कहना है कि किसी भी छात्र का समय के अभाव में नुकसान नहीं होने दिया जाएगा ।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान को बंदरगाहों में दुबका दिया!



**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी पाकिस्तानी नौसेना को अपने बंदरगाहों तक सीमित रहने पर मजबूर कर दिया। यहाँ खुले में बने नौसेना संग्रहालय 'नौसेना शौर्य वाटिका' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखने में नौसेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारी नौसेना पूरी तैयारी और ताकत के साथ अरब सागर में तैनात थी और दुश्मन पर लगातार दबाव बनाए रखा। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान की पूरी नौसेना अपने बंदरगाहों तक सीमित रही।

पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। 10 मई की शाम दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद सैन्य संघर्ष समाप्त हो गया। भारतीय नौसेना की विरासत, परिचालन क्षमताओं और समुद्री उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन की गई नौसेना शौर्य वाटिका के उद्घाटन के बारे में बात करते हुए, सिंह ने कहा कि यह न केवल लखनऊ और उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए, बल्कि हमारे लिए भी व्यक्तिगत रूप से गर्व और सम्मान का क्षण है।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में, यह सुविधा न केवल लखनऊ के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी, बल्कि एक पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित होगी और शहर के प्रमुख स्थलों में से एक के रूप में उभरेगी।

## एशियन गेम्स का सपना टूटने पर भावुक हुईं विनेश फोगाट, कहा- मैं हारी नहीं हूं



**नई दिल्ली**

**विनेश** फोगाट एशियन गेम्स 2026 के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई हैं. उन्हें दिल्ली में हो रहे ट्रायल्स के सेमीफाइनल में मीनाक्षी गोयत के हाथों 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी.

विनेश 8 साल बाद एशियाई खेलों में वापसी का सपना देख रही थीं. सेमीफाइनल हारने के बाद विनेश का पहला बयान सामने आया है. विनेश ने साफ किया कि वो हारी जरूर हैं, लेकिन फेल नहीं हुई हैं. विनेश 53 किलोग्राम भारवर्ग में हिस्सा लेना चाहती थीं, इसलिए ट्रायल्स में उन्हें इसी भारवर्ग में कुश्ती करने की अनुमति मिली थी.

भारतीय कुश्ती संघ के खिलाफ केस को लेकर विनेश फोगाट ने कहा, "मैं हारी नहीं हूं. मैं एक पूरे सिस्टम से लड़ाई लड़ रही थी. मैं एक जगह अकेली खड़ी थी, जबकि दूसरी ओर सब मेरे खिलाफ थे।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश, राजधानी को मिलेगी राहत



**नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार राजधानी के प्रत्येक निवासी को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। प्रशासन जल संकट के स्थायी प्रबंधन के लिए तत्काल राहत उपायों और दीर्घकालिक समाधानों पर समान रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, हरियाणा ने भीषण गर्मी के कारण उत्पन्न जल संकट से निपटने के लिए मुनक नहर के माध्यम से कम से कम 1,000 क्यूसेक पानी की आपूर्ति बनाए रखने का संकल्प लिया है। राहत पहुंचाने के प्रयासों में नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए प्रतिदिन 6,000 से अधिक चक्कर लगाने वाले 980 से अधिक जल टैंकरों की तैनाती शामिल है। शनिवार को गुप्ता ने मुख्यमंत्री सेवा सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिल्ली में पेयजल संबंधी चुनौतियों और आपूर्ति की स्थिति पर एक व्यापक समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि यमुना नदी में वजीराबाद के पास पानी की उपलब्धता कम हो गई है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत के बाद, हरियाणा ने मुनक नहर के माध्यम से न्यूनतम आपूर्ति स्तर सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली के हितों की रक्षा करना और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। अधिकारियों ने सुश्री गुप्ता को बताया कि दक्षिणी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 980 से अधिक टैंकर चालू हैं, जो प्रतिदिन 6,000 से अधिक चक्कर लगाते हैं। संकरी सड़कों वाले घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति के लिए छोटे टैंकर भी तैनात किए गए हैं। यमुना खादर क्षेत्र में अतिरिक्त बोरवेल लगाने से जल उत्पादन क्षमता में प्रतिदिन 10.5 मिलियन गैलन (एमजीडी) की वृद्धि हुई है। गुप्ता ने अधिकारियों को पानी के हर रिसाव को गंभीरता से लेने का निर्देश देते हुए कहा कि पानी की हर एक बूंद अनमोल है और किसी भी प्रकार की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राजीव कृष्ण हो सकते हैं यूपी के स्थायी डीजीपी, सरकार जल्द जारी कर सकती है आदेश



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश को जल्द ही स्थायी डीजीपी मिल सकता है. सूत्रों के मुताबिक राजीव कृष्ण के नाम की चर्चा तेज है. उन्हें ही यूपी का स्थायी डीजीपी बनाए जाने की संभावना है. इस संबंध में जल्द ही आदेश जारी हो सकता है. करीब 4 साल बाद प्रदेश को स्थायी डीजीपी मिलेगा.

यूपी में मई 2022 से कोई स्थायी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नहीं है. अब तक कई कार्यवाहक डीजीपी बदले जा चुके हैं. आईपीएस राजीव कृष्ण 1 जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी का पद संभाल रहे हैं. उनकी छवि सख्त प्रशासनिक अफसर के तौर पर है. सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के मुताबिक स्थायी डीजीपी को न्यूनतम 2 साल का कार्यकाल दिया जाता है. राजीव कृष्ण जून 2029 में रिटायर होंगे. ऐसे में अगर उनकी नियुक्ति की जाती है तो उन्हें लंबे वक्त तक प्रदेश के स्थायी डीजीपी के रूप में काम करने का मौका मिल सकता है.

DGP की रेस में कई कद्दर अधिकारियों के नाम आए थे सामने

प्रदेश में स्थायी डीजीपी की रेस में कई और आईपीएस अधिकारियों के नाम सामने आए थे. 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा, 1991 बैच के आलोक शर्मा और पीयूष आनंद का नाम भी सामने आ रहा था. अलोक शर्मा और पीयूष आनंद दोनों अभी डेपुटेशन पर केंद्र में सवाएं दे रहे हैं।

## तुंगनाथ-चोपता में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से लखनऊ के दो सगे भाइयों की मौत



**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के रुद्रप्रयाग जिले में लोकप्रिय पर्यटन स्थल तुंगनाथ-चोपता में तेज अंधड़, बारिश और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गयी जबकि उनके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने ह्यपीटीआई भाषाह्ण को बताया कि शुक्रवार शाम तेज अंधड़, बारिश और खराब मौसम में पर्यटकों के तुंगनाथ-चोपता में फंसे होने की जानकारी मिली जिसके बाद तत्काल बचाव एवं राहत टीम को घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर तेजी से राहत और बचाव का काम शुरू किया गया तथा तूफान से जूझते हुए गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को निकालकर एंबुलेंस के जरिए उखीमठ अस्पताल पहुंचाया गया।

**योगी सरकार का फैसला**

## सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में होगा सुरक्षा ऑडिट



**उत्तर प्रदेश**

**प्रदेश** के स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम मूल्यांकन कराने का निर्णय लिया है. इस पहल के तहत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों सहित कुल एक लाख 40 हजार 555 विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन किया जाएगा. सरकार की इस पहल से लाखों विद्यार्थियों को अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सकेगा.

इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में स्थित विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा. विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारियां, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की समग्र सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की जाएगी. सुरक्षा संबंधी संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके समाधान के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे.

बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा भारत सरकार के सरकारी जेम पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी एवं नियमानुसार निविदा प्रक्रिया के तहत चयनित संस्था बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के साथ शुक्रवार को अनुबंध किया गया. इस अवसर पर महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, मोनिका रानी, प्रभारी शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी, शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल की ओर से चीफ बिजनेस ऑफीसर कुलदीप पाठक व चीफ मैनेजर एंड रीजनल लीडबृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

# हंडिया में 25 लाख रुपये का गांजा बरामद पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 102 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ट्रक और एक मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है।

पुलिस के अनुसार, भीटी बाजार स्थित फ्लाईओवर के पिलर नंबर-32 के पास एक संदिग्ध ट्रक खड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर हंडिया थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक की तलाशी ली। जांच के दौरान ट्रक में छिपाकर रखा गया 102.5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पंजाब के गुरदासपुर जिले के रहने वाले रणजोध सिंह (37) और शुभम कुमार (29) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि गांजे की खेप ओडिशा से लाई गई थी और उसे वाराणसी होते हुए मिजार्पुर पहुंचाया जाना था। इसके लिए उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने निर्देश दिए थे। दोनों आरोपी भीटी फ्लाईओवर के पास किसी व्यक्ति के आने का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी गांजे की तस्करी कर उससे होने वाली कमाई को आपस में बांट लेते थे। बरामद ट्रक संख्या PB-06-BC-9872 और एक कीपैड मोबाइल फोन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

इस मामले में हंडिया थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है और गांजे की खेप के स्रोत तथा गंतव्य की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद के प्रयास से नैनी स्टेशन पर रीवांचल एक्सप्रेस के ठहराव की बढ़ी उम्मीद

**नैनी।** नैनी प्रयागराज के सांसद उज्ज्वल रमण सिंह के प्रयासों से नैनी रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12427/12428 रीवा-आनंद विहार टर्मिनल रीवांचल एक्सप्रेस के ठहराव की संभावना प्रबल हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मई 2026 को उत्तर मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने रीवांचल एक्सप्रेस के नैनी स्टेशन पर ठहराव संबंधी प्रस्ताव रेलवे मुख्यालय को पत्र संख्या 1-टीटी/ठहराव/मांग/पार्ट-11/2026 के माध्यम से भेज दिया है। यह प्रस्ताव सांसद उज्ज्वल रमण सिंह द्वारा 9 अप्रैल 2026 को भेजे गए पत्र के संदर्भ में तैयार किया गया है। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महासचिव राकेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नयन कुमार कुशवाहा तथा सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने सांसद के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि यदि यह ठहराव स्वीकृत हो जाता है तो जमुनापार नैनी तथा आसपास के अनेक गांवों के लोगों को पहली बार नैनी स्टेशन से सीधे दिल्ली आने-जाने की सुविधा प्राप्त होगी। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के यात्रियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है।

## मानसरोवर क्षेत्र में हवाई फायरिंग से दहशत, कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस चौकी पहुंचे लोग

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मानसरोवर इलाके में देर रात हुई हवाई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि शाम के समय हुए विवाद के बाद कुछ दबंगों ने रात में इलाके में पहुंचकर हवाई फायरिंग की, जिससे स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और मौके पर भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोग बहादुरगंज पुलिस चौकी पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे।

सूचना मिलने पर सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) रवि गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एसीपी ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर फायरिंग करने वाले आरोपियों की पहचान करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस टीम को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का आदेश भी दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।

# पूर्व की सरकारें निषाद समाज का हक छीन कर पौवा देने का काम करती थी : मंत्री डॉ संजय निषाद

**मत्स्य पालन विभाग की महिला अधिकारी पर डीडी डायरेक्टर मत्स्य विभाग द्वारा अभद्र टिप्पणी पर भड़का प्रधान संघ**





**अखंड भारत संदेश**

**करछना प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मत्स्य संपदा योजना के तहत शनिवार को करछना ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संजय कुमार निषाद ने मत्स्य पालकों के साथ बैठक किया। इस दौरान डॉ संजय कुमार निषाद ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों तथा मत्स्य पालकों को विस्तार पूर्वक योजना के बारे में जानकारी देकर पत्रों के अधिक से अधिक आवेदन करने के लिए निर्देशित किए। कैबिनेट मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने में तरह-तरह की तकनीकियां अपनाई जा सकती है। मत्स्य पालन से होने वाले लाभ के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने पूर्व की सपा व बसपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा पूर्व की सरकारे निषाद समाज के हक और अधिकार को छीनकर हाथ में पौवा देने का काम करती थी। शिक्षा और रोजगार से वंचित रखकर झंडा उठाते थे, जरूरत पड़ने पर पीठ पर डंडा देकर अपना धंधा चलाते थे। यह वही प्रयागराज है जो निषाद समाज की राजधानी हुआ करती थी, लेकिन यहां के लोग अपनी वजूद को खो दिए हैं। लेकिन अब जरूर आ गई है कि प्रयागराज के निषाद समाज के लोग जागे और लखनऊ की राजधानी पर जाकर कब्जा करें। यह तभी संभव होगा जब 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी भूमिका सत प्रतिशत लगाकर पार्टी के साथ मजबूती से खड़े होंगे। बैठक में मंत्री ने कहा सभी लोग मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं निषाद राज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन, मोपेड विद आइसबाक्स योजना से जुड़कर इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि संजय कुमार निषाद का निषाद पार्टी के प्रदेश प्रभारीबाब, राष्ट्रीय सचिव मुरलीवर निषाद, वीरेंद्र निषाद एवं जिला अध्यक्ष रामटहल निषाद ने फूल माला व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर पिंटू निषाद, नितेश कुमार, संजय शुक्ला, योगेश निषाद, राकेश निषाद, विनय निषाद, सुमित निषाद, संध्या निषाद, उमाकांत निषाद, विजय निषाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डिप्टी डायरेक्टर ने मत्स्य पालक विभाग की महिला अधिकारी के साथ की अभद्रता

करछना ब्लॉक सभागार में मस्त संपदा योजना के तहत आयोजित कैबिनेट मंत्री संजय कुमार निषाद के कार्यक्रम के पूर्व ब्लॉक पहुंची मत्स्य पालन विभाग की महिला अधिकारी के साथ डिप्टी डायरेक्टर विजय पाल द्वारा अभद्रता की गई। मौजूद अधिकारी व पब्लिक के सामने अभद्रता किए जाने पर एडीओ अधिकारी रूमाबानो बिलख पड़ी। जिसकी जानकारी होने पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन व अन्य ग्राम प्रधानों ने घटना की निंदा की। रूमा बानो ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक एवं कैबिनेट मंत्री को पत्र लिखकर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग किया।

## दो अलग-अलग गांवों में मार पीट दस पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चक्रभान उर्फ चकिया निवासी महेंद्र कुमार पुत्र दयाराम का आरोप है कि उसके खेत में लगी फसलों को विपक्षी नष्ट कर दिए। बोलने पर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से परिजनों को मार पीट कर जख्मी कर दिए। महेंद्र कुमार ने मऊआइमा थाना में गांव के राकेश कुमार,बनवासा देवी,नीलम सिंह, सपना देवी,नेहा सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम बांका जलालपुर निवासी इरशाद अहमद पुत्र इफ्तिखार अहमद का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी लाठी डंडा से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। इरशाद अहमद ने मऊआइमा थाना में गांव के ही रशीद अहमद, मोहम्मद कैफ,शहबुन निशां, नूरजहां, मोहम्मद अनीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### कलम के सिपाहियों को सहायक पुलिस आयुक्त थरवई द्वारा मिला सम्मानित

**पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का काम करते हैं, निष्पक्ष पत्रकारिता ही समाज के लिए आईना : एसीपी थरवई अरुण पाराशर**



**अखंड भारत संदेश**

थरवई। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को थरवई क्षेत्र में निष्पक्ष, निर्भीक और समाज के हित में कलम चलाने वाले पत्रकारों को सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरुण पाराशर ने सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ और युवा पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में एसीपी अरुण पाराशर ने उपस्थित सभी कलम के सिपाहियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और पत्रकारिता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और आजादी के बाद से ही पत्रकार जनता की आवाज बनकर हर छोटे-बड़े मुद्दे को उठाते आ रहे हैं। पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का काम करते हैं। एसीपी थरवई अरुण पाराशर ने अपने संबोधन में कहा, पत्रकार साथी धरातल पर रहकर जो समस्याएं देखते हैं, उन्हें निष्पक्ष रूप से जनता और प्रशासन के सामने रखते हैं। इससे न केवल आमजन जागरूक होते हैं, बल्कि हमें भी अपनी कार्यशैली में सुधार का अवसर मिलता है। थरवई क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत रखने में पत्रकारों का सहयोग सराहनीय रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस और प्रेस के बीच आपसी विश्वास और समन्वय जितना बेहतर होगा, अपराध नियंत्रण और जनसेवा उतनी ही प्रभावी होगी। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र में पुलिस और पत्रकारों के बीच सदैव स्नेह, सम्मान और सहयोग की भावना बनी रहे। किसी भी घटना या सूचना पर त्वरित और तथ्यात्मक संवाद से अफवाहों पर अंकुश लगता है और जनता में विश्वास बढ़ता है।

**पत्रकारों के योगदान को सराहा**

एसीपी ने कहा कि थरवई क्षेत्र में पत्रकार साथी लगातार सामाजिक मुद्दों, जनसमस्याओं और प्रशासनिक गतिविधियों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। कोरोना काल से लेकर कानून-व्यवस्था और जनजागरूकता अभियानों तक, हर मोर्चे पर पत्रकारों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। आज हम जिन पत्रकार साथियों को सम्मानित कर रहे हैं, उन्होंने अपने लेखन और रिपोर्टिंग से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। यह सम्मान उनके समर्पण और निष्पक्षता का प्रतीक है। उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि थरवई पुलिस का दरवाजा पत्रकारों के लिए हमेशा खुला रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि तथ्यात्मक और जनहित से जुड़ी सूचनाओं पर पुलिस प्रशासन तत्काल संज्ञान लेगा।

# पुरानी रंजिश में हिस्ट्रीशीटर ने युवक पर की ताबड़तोड़ फायरिंग, वीडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**






**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी (योजना-3) स्थित तिरंगा चौराहे पर शनिवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर सरेराह फायरिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरायइनायत थाने के एक शातिर हिस्ट्रीशीटर ने एक युवक पर पिस्टल से दो राउंड फायर झोंक दिए। गनीमत रही कि पीड़ित बाल-बाल बच गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी सरेआम गोली चलाते हुए दिख रहा है।

आवास विकास कॉलोनी निवासी पवन गोस्वामी शनिवार सुबह तिरंगा चौराहे के पास एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने आया था। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो से सरायइनायत के सरायचाचक गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर माधवेंद्र सिंह उर्फ जेलर अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। पुरानी खुन्नस को लेकर जेलर सिंह ने पवन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने गाड़ी से पिस्टल निकालकर पवन पर ताबड़तोड़ दो फायर कर दिए और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले भी दोनों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें पवन ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी बात से नाराज होकर हिस्ट्रीशीटर ने जानलेवा हमला किया। थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी माधवेंद्र सिंह उर्फ जेलर व सौरभ सिंह उर्फ प्रिंस और 3 अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

## गणेश भगवान, कार्तिकेय भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**जंघई।** नागरिक इंटर एवं पीजी कालेज जंघई शिव शक्ति धाम मंदिर प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा में कथावाचक अतुल दास महाराज ने शनिवार को कहा कि माता पार्वती को स्वयं भगवान शिव ने ब्राह्मणी ब्राह्मण रूप के रूप में उपदेश दिया था। इसी उपदेश के फलस्वरूप उन्हें बिना गर्भ के गणेश जी और शिव के तेज से कार्तिकेय जी की प्राप्ति हुई। माता पार्वती का तप और ब्राह्मणी रूपी शिव का उपदेश माता पार्वती ने पुत्र प्राप्ति और जगत कल्याण के लिए कठोर तपस्या की उनकी परीक्षा लेने और वरदान देने के लिए भगवान शिव एक वृद्ध ब्राह्मण ब्राह्मणी रूप के रूप में उनके आश्रम में पधारे। माता पार्वती ने उन्हें अतिथि मानकर पूरी श्रद्धा से सेवा किया ब्राह्मण ने प्रसन्न होकर माता को वरदान दिया कि तुम्हें बिना गर्भ धारण किए अत्यंत बुद्धिमान, गुणवान और देवताओं के नायक पुत्र की प्राप्ति होगी। यह कहकर ब्राह्मण अंतर्धान हो गए और उसी क्षण वहां पालने में एक सुंदर बालक प्रकट हुआ। गणेश जी का प्राकट्य ब्राह्मणी के उपदेश से जन्मा यह बालक कोई और नहीं बल्कि साक्षात श्री गणेश थे। उनके प्राकट्य के समय देव-मुनियों ने पुष्प वर्षा की और स्वयं शनि देव भी उन्हें देखने आए कुछ अन्य पुराणों की कथाओं में माता पार्वती द्वारा अपने शरीर के उबटन से गणेश जी के निर्माण का भी वर्णन है। कार्तिकेय जी का प्राकट्य तारकासुर नामक असुर के अत्याचारों का अंत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव से एक ऐसे पुत्र की प्रार्थना की जो असुरों का संहार कर सके। तब भगवान शिव का तेज अग्नि में प्रवाहित हुआ जिसे अग्नि देव ने गंगा नदी में और अंततः माता पार्वती ने सरकंडों के वन में धारण किया। इसी दिव्य तेज से भगवान कार्तिकेय का प्राकट्य हुआ बाद में वे देवताओं के सेनापति बने कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर? पर महंत चंद्रमा दास महाराज, पंडित विजय कुमार तिवारी, यज्ञाचार्य पंडित अजय पांडेय शास्त्री, उपाचार्य पंडित राहुल मिश्रा, यजमान निरंजन, पंडित अमितेश मिश्रा, पंडित आशु पांडेय आदि रहे।

# किसान की बेटी बनी प्रेरणा : एक हादसे ने छीन ली जिंदगी

**क्षेत्र में चेकिंग अभियान बढ़ेगा : ओवर लोड वाहनों पर होगी सख्त कार्यवाही : एसीपी थरवई अरुण पाराशर**

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर चयनित होकर 27 अप्रैल को ही पहली पोस्टिंग पर पहुंचीं विनीता का ड्यूटी का सफर सिर्फ 32 दिन चला। 28 मई की शाम थरवई थाने से ड्यूटी खत्म कर लौटते समय सड़क हादसे में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। थाने से निकलते ही हुआ हादसा गंगानगर अंतर्गत थाना थरवई में तैनात महिला आरक्षी विनीता 28 मई की शाम करीब 7 बजे ड्यूटी समाप्त कर स्कूटी से अपने रूम के लिए निकली थीं। थाने से निकलकर सड़क पार करते समय सहसों मार्ग की ओर से आ रहे सीमेंट से लदे ट्रैक्टर ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में विनीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि उन्हें बचाया नहीं जा सका। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**किसान की बेटी ने गर्व से ऊंचा किया था परिवार और क्षेत्र का नाम**

सोनभद्र जिले के ग्राम तेन्दुपुर धुरवल की निवासी विनीता ने पढ़-लिखकर यूपी पुलिस में कांस्टेबल पद पर चयन प्राप्त किया था। लखनऊ में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 27 अप्रैल 2026 को उन्हें पहली पोस्टिंग प्रयागराज के थाना थरवई में मिली थी। परिवार और क्षेत्र के लिए ये गर्व का क्षण था। विनीता चार बहनों और एक भाई में दूसरे नंबर पर थीं। उनके चयन से पूरे गांव में खुशी का माहौल था, लेकिन एक महीने के भीतर ही ये खुशी मातम में बदल गई। पिता श्याम बिहारी बच्चों के पालन पोषण के लिए खेती किसानी का कार्य करते हैं। जहां इस दुखद घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया।

### पूरे पुलिस महकमे में शोक

इस हादसे से थाना थरवई और पूरे प्रयागराज पुलिस परिवार में शोक की लहर है। एक होनहार बेटी जिसने मेहनत से अपना लक्ष्य हासिल किया था, उसकी असमय मौत से सभी स्तब्ध हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत

सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरूण पाराशर ने बताया की मामले को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है और जाँच पड़ताल जारी है।

### क्षेत्र में चेकिंग अभियान बढ़ेगा : ओवर लोड वाहनों पर होगी सख्त कार्यवाही - एसीपी थरवई

एसीपी थरवई ने बताया की घटित घटना से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई जब जानकारी हुई ड्यूटी पर कार्यरत महिला आरक्षी ड्यूटी से वापस कमरे पर जाने लगी तो ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से हुई घायल जो दर्दनाक मौत रही। मामले को संज्ञान में लेते हुए जाँच पड़ताल में जुटी रही पुलिस और अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए जाँच में जुटी रही पुलिस। इस दर्दनाक घटना को दृष्टिगत रखते हुए एसीपी थरवई ने बताया की क्षेत्र में चेकिंग अभियान में तेजी लाया जाएगा और चल रहे ओवर लोड वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई।

### सप्ताह भर पूर्व खरीदी थी स्कूटी : जलकर हुई खाक

महिला आरक्षी विनीता ने ड्यूटी आने जाने की सुविधा के लिए खरीदी थी स्कूटी जो हादसे के चलते जलकर हुई खाक। इस दर्दनाक घटना से घर में छाया मातम।

### पुलिस लाइन में दी गई अंतिम सलामी

सूचना मिलते ही एसीपी थरवई अरुण पाराशर मौके पर पहुंचे और अग्रिम कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन लाया गया, जहां पुलिसकर्मियों ने उन्हें अंतिम सलामी दी इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना परिवार को दे दी गई थी। इसके बाद शव को सम्मान के साथ परिवार को सौंप दिया गया, जहां सोनभद्र में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# वृद्ध दोषियों को हाईकोर्ट से राहत, सजा पर रोक लगाकर जमानत पर रिहाई का आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आपराधिक मामले में दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली अपीलों पर सुनवाई करते हुए वृद्धावस्था को महत्वपूर्ण आधार मानकर आधा दर्जन से अधिक दोषियों की सजा पर अंतरिम रोक लगा दी और उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि उम्रदराज दोषियों के मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सजा के निलंबन पर विचार किया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने यह आदेश संबंधित अपीलों पर सुनवाई के दौरान पारित किया। अपीलकताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है और दोषियों के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। यह भी तर्क दिया गया कि उन्हें केवल संदेह के आधार पर दोषी ठहराया गया है। अधिवक्ता ने अदालत को यह भी अवगत कराया कि सभी दोषी मुकदमे की सुनवाई के दौरान जमानत पर थे तथा उन्होंने कभी भी जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया।

सुनवाई के दौरान अदालत ने दोषियों की आयु पर विशेष ध्यान दिया। बताया गया कि मोहम्मद अयूब फैजी और अली जहीर की आयु दोषसिद्धि के समय 85 वर्ष थी, जबकि मोहम्मद याकूब, मोहम्मद असद, अफजल और अलाउद्दीन सहित अन्य दोषियों की आयु लगभग 70 वर्ष है।

मामले के तथ्यों और दोषियों की उम्र को देखते हुए हाईकोर्ट ने उनकी सजा को अपील के अंतिम निस्तारण तक स्थगित कर दिया। अदालत ने मोहम्मद अयूब फैजी, अली जहीर, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद असद, अफजल, अलाउद्दीन सहित अन्य दोषियों को व्यक्तिगत मुचलका और दो-दो जमानतदार प्रस्तुत करने पर रिहा करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अपीलों के अंतिम निर्णय तक दोषियों पर लगाए गए जुमार्ने की वसूली नहीं की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 नवंबर 2026 की तिथि निर्धारित की गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत, ट्रायल पर लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिरोजाबाद में नाबालिग से दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले के आरोपी सागर कंबल को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए उसके खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अदालत ने मामले में शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने आरोपी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिका में ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोप तय किए जाने के आदेश को चुनौती दी गई है। मामले के अनुसार, फिरोजाबाद के थाना लाइन पार क्षेत्र में वर्ष 2023 में दर्ज एफआईआर में सागर कंबल पर भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 368, 376 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5 (जे)(2) एवं 6 के तहत आरोप लगाए गए थे। विशेष न्यायालय, फिरोजाबाद ने 11 जुलाई 2024 को आरोपी के खिलाफ आरोप तय किए थे। आरोपी की ओर से अधिवक्ता परवेज इकबाल अंसारी ने अदालत को बताया कि आरोपी और कथित पीड़िता का विवाह 15 मई 2025 को हो चुका है। साथ ही विवाह से पूर्व 22 अक्टूबर 2024 को दोनों की एक पुत्री का जन्म भी हुआ था। अधिवक्ता ने दलील दी कि पीड़िता ने अपने बयान में आरोपी के साथ रहने की इच्छा व्यक्त की थी और वह गर्भवती होने की बात भी स्वीकार कर चुकी है। वर्तमान में दोनों पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि घटना के समय पीड़िता नाबालिग थी, इसलिए मामले की कार्यवाही समाप्त करने का कोई आधार नहीं बनता। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने मामले को विचारणीय मानते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। अदालत ने राज्य सरकार और शिकायतकर्ता को चार सप्ताह के भीतर प्रति-शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई तक ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस : मुविवि में दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, समाज विज्ञान विद्याशाखा के



निदेशक प्रो. एस. कुमार तथा प्रबंधन विभाग के प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी ने उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों को तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने की शपथ दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू सेवन कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके प्रति जागरूक होना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार एवं अमन कुमार ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

## न्यूज झरोखा

### पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन



**नैनी।** नैनी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने एवं पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन महर्षि चौराहा नैनी स्थित अतिथि रेस्टोरेंट में वरिष्ठ पत्रकार जे पी शुक्ल अध्यक्षता में किया गया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार पवनेश उपाध्याय ने किया इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए शुक्ल ने पत्रकारिता के गिरते हुए स्तर पर चिंता व्यक्त कि और कहा कि सभी पत्रकार अपनी गरिमा को बनाए रखें। पवनेश उपाध्याय ने कहा कि पत्रकार अपनी कलम का प्रयोग सावधानी से करें पक्ष विपक्ष की भूमिका न निभाएं जिससे उनकी गरिमा बनी रहे। इस अवसर पर पत्रकार सुरेंद्र बहादुर सिंह, राजेंद्र पांडे, मिथिलेश त्रिपाठी, अनिल कुमार प्रजापति, सुहेल अकरम, अंशिका पाल, रामजी केशरवानी, सुशील पटेल, दिवाकर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर एक्ट मामले में पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक को हाईकोर्ट से राहत, सजा पर रोक लगाकर दी जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में दोषसिद्ध पूर्व समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी कमलेश पाठक को बड़ी राहत देते हुए उनकी सजा पर रोक लगा दी है। अदालत ने अपील के अंतिम निस्तारण तक उन्हें सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने कमलेश पाठक की ओर से दाखिल अपील पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। अपीलकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि वह मार्च 2020 से जेल में निरुद्ध हैं और अब तक लगभग पांच वर्ष नौ माह की सजा काट चुके हैं। जबकि उन्हें कुल छह वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। यह भी तर्क दिया गया कि अपील के निस्तारण में समय लगने की स्थिति में पूरी सजा पूरी हो जाने से अपील का उद्देश्य ही समाप्त हो सकता है। याची की ओर से यह भी कहा गया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत तैयार किए गए गैंग चार्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि उन्हें गैंग का सदस्य या गैंगस्टर मानने का आधार क्या था। वहीं, राज्य सरकार की ओर से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि गैंग चार्ट में उनके खिलाफ दो आपराधिक मुकदमों का उल्लेख है। हालांकि सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि गैंग चार्ट में दर्ज दोनों मामलों में अभी तक कमलेश पाठक दोषी करार नहीं दिए गए हैं और उन मुकदमों का ट्रायल अभी लंबित है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि गैंग चार्ट में केवल अनुमोदन अधिकारियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं, लेकिन आरोपी के खिलाफ स्वतंत्र और स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज नहीं किए गए हैं। साथ ही अभियोजन पक्ष यह भी साबित नहीं कर सका कि आरोपी के प्रभाव या भय के कारण कोई गवाह सामने आने से रुका हो अथवा न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हुई हो। हाईकोर्ट ने यह भी पाया कि जिन गवाहों के बयानों पर अभियोजन का मामला आधारित है, उनमें आरोपी के गैंगस्टर होने या किसी गैंग का सक्रिय सदस्य होने संबंधी कोई ठोस सामग्री नहीं है। इन परिस्थितियों और आरोपी द्वारा पहले ही काटी जा चुकी लंबी अवधि की सजा को देखते हुए अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी तथा अपील लंबित।

### स्टडी पाथवे धोखाधड़ी प्रकरण: हाईकोर्ट ने आठ मुकदमों की जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षा परामर्श फर्म ह्यस्टडी पाथवेह्न से जुड़े कथित धोखाधड़ी के मामलों की जांच को लेकर महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। अदालत ने प्रयागराज, लखनऊ और उन्नाव में दर्ज आठ अलग-अलग मुकदमों की जांच आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), लखनऊ को सौंपने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति पद्म नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने आचार्य राजेश त्रिपाठी समेत 10 याचिकाकताओं की ओर से दाखिल आपराधिक याचिका का निस्तारण करते हुए यह आदेश दिया। याचिकाकताओं का कहना था कि ह्यस्टडी पाथवेह्न नामक शैक्षणिक परामर्श फर्म के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमों में लगभग एक ही आरोपियों के नाम हैं और आरोपों का स्वरूप भी समान है। ऐसे में निष्पक्ष और प्रभावी जांच के लिए मामले को किसी विशेष एजेंसी को सौंपा जाना आवश्यक है। अदालत को बताया गया कि वर्ष 2023 से 2026 के बीच प्रयागराज के जॉर्ज टाउन और पूरामुफ्ती थानों, लखनऊ के साइबर क्राइम और विभूतिखंड थानों तथा उन्नाव कोतवाली समेत विभिन्न स्थानों पर कुल आठ एफआईआर दर्ज की गई हैं। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि सभी मामलों में आरोपियों की पहचान और आरोपों की प्रकृति काफी हद तक समान है। अदालत ने यह भी माना कि मामले में बड़े पैमाने पर धन के लेन-देन (मनी ट्रेल) की जांच की आवश्यकता है, जिसके लिए विशेषज्ञ एजेंसी की जांच अधिक उपयुक्त होगी।

# शिव की पूजा से जीवन में सुख की होती है अनुभूति और मिट जाते हैं सभी क्लेश : गौरांगी गौरी

औता में ब्लाक प्रमुख उरुवा आरती पप्पू गौतम के नेतृत्व में संचालित धार्मिक आयोजन के दूसरे दिन अयोध्या धाम की अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका गौरांगी गौरी द्वारा सुनाई गई शिव पार्वती विवाह की भव्य कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** ब्लाक प्रमुख उरुवा आरती पप्पू गौतम के आवास औता में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या धाम से पहुंची अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका परम पूज्या सुश्री पंडित गौरंगी गौरी ने शिव पार्वती

विवाह प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह का दृश्य बहुत ही अलौकिक एवं दिव्य रहा। माता पार्वती की कठिन तपस्या का परिणाम की भगवान शिव ने अपनी शक्ति के रूप में चयन किया,शिव पार्वती के विवाह की कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा कि नंदी पर सवार





औता के धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्तों को शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाती कथा वाचिका गौरांगी गौरी

भोलेनाथ जब भूत पिशाचों के साथ बारात लेकर राजा हिमाचल के यहां पहुंचे तो माता पार्वती के माता -पिता बारात में सम्मिलित भूत प्रेत औघड़ को देखकर अचंभित रह गए लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। पूज्य देवी जी ने बताया कि भगवान शिव एवं पार्वती की शादी में सभी देवी देवता और असुर भी वहां पहुंचे जानवर कीड़े मकोड़े और सारे जीव उनके विवाह में उपस्थित हुए यहां तक की भूत पिशाच प्रेत भी उनके विवाह में बाराती बनकर खूब आनंद लिए भगवान शिव को देवों का देव महादेव बताया जाता है। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती कलनी देवी और हीरा प्रसाद गौतम के साथ क्षेत्र के सभी श्रद्धालुगण सपरिवार शिव पार्वती विवाह कथा श्रवण कर आनंदित हुए। इस दौरान पूरा पंडाल श्रद्धालु भक्तों से खचाखच भरा रहा। पंडित गौरांगी गौरी जी ने कथा में यह भी बताया कि जब भगवान शिव की पूजा की जाती है तो जीवन में सुख की अनुभूति होती है और जीवन के सारे क्लेश मिट जाते हैं। लोगों का आपसी वैमनस्य और लड़ाई समाप्त हो जाता है। सुश्री गौरी जी द्वारा गाई जा रही कथा में श्रोताओं ने खूब गोता लगाए और जीवन का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# मांडा के दसवार में डॉ. अंबेडकर की मूर्ति नहीं हुई स्थापित

असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ी गई मूर्ति पर नहीं हुई कार्रवाई अड़े कमेटी के लोग

**अखंड भारत सन्देश**

**मांडा।** विकास खंड मांडा के ग्राम पंचायत दसवार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा 30 मई को पुनः स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा 45 दिन बाद उसी स्थान पर स्थापित होगी, जहां पहले अनावरण किया गया था। इससे पहले, 14 अप्रैल 2026 को मांडा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने प्रतिमा का अनावरण किया था। हालांकि, कुछ समय बाद प्रतिमा को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। ग्राम दसवार निवासी और कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार व बबुलेश कुमार गौतम सहित दर्जनों लोगों ने इस संबंध में 100 डायल पुलिस और मांडा पुलिस से लिखित शिकायत की थी। कि अज्ञात असामाजिक अराजक तत्वों द्वारा बाबा साहब की गुरुवार की रात में तोड़ी गई मूर्ति की सूचना पुलिस को दिया और कार्रवाई की मांग की ' तो मांडा पुलिस ने तत्काल नई मूर्ति मंगवाई' फिर कमेटी के लोगो अपनी मांग पर



अड़े रहे कि जब तक कोई कार्रवाई नहीं होगी तब तक मूर्ति स्थापित नहीं करेंगे। शिकायत मिलने पर मांडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने पुनः प्रतिमा स्थापित करने के लिए 20 हजार रुपये नकद दिया , लेकिन बात नहीं बनी।

इसके बाद मांडा पुलिस मूर्तिकार की दुकान पर पहुंची और 30 हजार रुपये में नई प्रतिमा का ऑर्डर दिया। शुक्रवार को दसवार गांव में नई प्रतिमा पहुंचने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की।

कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि 30 मई, शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा दसवार गांव की कमेटी द्वारा उसी स्थल पर पुनः स्थापित की जाएगी। प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा अशोक सिंह द्वारा किया जाएगा। लेकिन अज्ञात असामाजिक अराजक तत्वों पर कार्रवाई न करने पर कमेटी के लोग अड़े रहे ' जिससे शनिवार को मूर्ति स्थापित एवं अनावरण नहीं किया गया।

## हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना पर सख्त टिप्पणी, पीड़ित को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर रोक के बावजूद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को पीड़ित को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। मामला सिद्धार्थनगर जिले के इटवा थाने से जुड़ा है। याची अनिल सोनी की ओर से अदालत को बताया गया कि हाईकोर्ट ने 1 अप्रैल 2026 को उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने न्यायालय के आदेश की अनदेखी करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि गिरफ्तारी न्यायालय द्वारा प्रदान किए गए संरक्षण के बावजूद की गई, जिससे याची की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन हुआ। अदालत ने इस कार्रवाई को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एक माह के भीतर अनिल सोनी को पांच लाख रुपये का मुआवजा अदा करे।

## अनियंत्रित वैन और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल



**मेजा।** रामनगर चौकी क्षेत्र के ऊंचडीह - उरुवा मार्ग पर पट्टीनाथ राय गांव के समीप शनिवार सुबह तेज रफ्तार वैन और बाइक में आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए,इस दौरान वैन टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल के रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित रामनगर चौकी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी सुरेश पाल (25) पुत्र छोटेलाल पाल व धीरज पाल (18) पुत्र राजूपाल दोनों युवक सुबह 8 बजे के करीब घर से गेहूं लेकर आटा चक्की पर जा रहे थे। इसी बीच पट्टीनाथ राय गांव के सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची रामनगर चौकी पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी रामनगर भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें स्वरूप रानी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान मौका पाकर वैन चालक मौके से फरार हो गया।रामनगर चौकी पुलिस हादसे की पड़ताल में जुटी हुई है।

# कानपुर रिंग रोड परियोजना में हस्तक्षेप से हाईकोर्ट का इनकार, सीयूजीएल की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर रिंग रोड परियोजना से संबंधित सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड (सीयूजीएल) की याचिका खारिज करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय महत्व की आधारभूत संरचना परियोजनाओं के संरेखण (अलाइनमेंट) में न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करेगा, खासकर तब जब परियोजना निर्माण के उन्नत चरण में पहुंच चुकी हो।

न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश सीयूजीएल की याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया।

याचिका में कंपनी ने चकेरी स्थित अपने सीएनजी स्टेशन और पीएनजी पाइपलाइन नेटवर्क को संभावित नुकसान से बचाने के लिए अदालत से हस्तक्षेप की मांग की थी। कंपनी का तर्क था कि रिंग रोड परियोजना के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण से उसका गैस वितरण ढांचा प्रभावित होगा, जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की गैस आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। इसी आधार पर कंपनी ने परियोजना के संरेखण में बदलाव और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी।

सुनवाई के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से बताया गया कि परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया वर्ष 2022 में शुरू की गई थी और 2023 में अंतिम अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। साथ ही परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि राजमार्ग परियोजनाओं का संरेखण तकनीकी और प्रशासनिक विषय है, जिसका निर्धारण विशेषज्ञ एजेंसियां करती हैं। ऐसे मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप सीमित होना चाहिए। अदालत ने यह भी माना कि परियोजना के इस चरण में संरेखण में बदलाव करने से न केवल निर्माण कार्य प्रभावित होगा, बल्कि सार्वजनिक धन और समय की भी अनावश्यक बर्बादी होगी।

हालांकि अदालत ने सीयूजीएल को कोई प्रत्यक्ष राहत नहीं दी, लेकिन यह स्पष्ट किया कि कंपनी अपने बुनियादी ढांचे के स्थानांतरण और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एनएचएआई से पर्याप्त समय देने का अनुरोध कर सकती है। अदालत ने उम्मीद जताई कि प्राधिकरण इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा।

इन टिप्पणियों के साथ हाईकोर्ट ने याचिका को योग्यता के अभाव में खारिज कर दिया।

# विवाह और समझौते के बाद हाईकोर्ट ने रद्द की आपराधिक कार्यवाही

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि जब आरोपी और पीड़िता विवाह कर चुके हों, उनके बीच विवाद समाप्त हो गया हो तथा वे सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रहे हों, तब आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही जारी रखना न्यायहित में नहीं माना जा सकता। इसी आधार पर अदालत ने संभल निवासी सुमित पुरी के खिलाफ लंबित आपराधिक कार्यवाही और चार्जशीट को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने सुमित पुरी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

याचिका में बताया गया कि आरोपी और पीड़िता ने 22 अप्रैल 2022 को विवाह कर लिया था और वर्तमान में उनका एक दो वर्षीय पुत्र भी है। दोनों पक्ष वैवाहिक जीवन में साथ रह रहे हैं। साथ ही 28 अप्रैल 2026 को उनके बीच आपसी समझौता भी हो चुका है। सुनवाई के दौरान पीड़िता की ओर से अदालत को बताया गया कि उसने अपनी इच्छा से विवाह किया था और उस पर किसी प्रकार का दबाव या प्रलोभन नहीं डाला गया था। पीड़िता ने अपने पूर्व बयानों की पुष्टि करते हुए मुकदमे की कार्यवाही जारी रखने पर भी आपत्ति जताई।

मामले के तथ्यों और दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते पर विचार करने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना केवल अनावश्यक उत्पीड़न का कारण बनेगा और इससे किसी भी पक्ष का हित सधने वाला नहीं है।

इन टिप्पणियों के साथ अदालत ने संबंधित चार्जशीट और निचली अदालत में लंबित समस्त आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।

# बाजारवाद के इस युग में पत्रकारिकता में भटकाव चिन्ता का विषय : जगदम्बा शुक्ल

**अखंड भारत संदेश**

पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

**नैनी।** नैनी हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण होने पर नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले नैनी के संस्कार सदन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने कहा कि सन 1826 में पंडित जुगलकिशोर शुक्ल द्वारा कोलकाता से उदंत मार्तण्ड नामक पहला हिंदी अखबार निकाला गया। आज हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। पहले पत्रकारिता एक मिशन था जहां साहस और सत्य सर्वोपरि माना जाता था लेकिन बाजारवाद के इस युग मे पत्रकारिता में भटकाव आ गया है जो चिंता का विषय है। मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में पत्रकारिता और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। ऐसी स्थिति में पत्रकारों को ईमानदारी से सावधानीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है जिसे पूरा करने के लिए पत्रकारों को सत्यता पूर्वक कार्य करना चाहिए। उन्होंने पत्रकार संगठनों से पत्रकारों के हित और उनकी सुरक्षा के लिए एकजुटता के साथ कार्य करने पर बल दिया। यमुनापार पत्रकार एसोसिएशन के महाराज सिंह राठौर ने पत्रकारों की सुरक्षा के साथ हो रहे ढुलमुल रवैये पर चिंता जताते हुए पत्रकारों के सम्मान के लिए एकजुटता प्रदर्शित करने पर जोर दिया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने कहा कि चुनौतीपूर्ण पत्रकारिता के इस दौर में पत्रकारों के साथ अन्याय को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया के इस युग में खबरों की विश्वसनीयता बनाये रखना सबसे बड़ी चुनौती है जिसे बनाये रखना पत्रकारिता का प्रमुख धर्म है। कार्यक्रम में पवन तिवारी, उज्ज्वल मिश्र सहित क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे।

# डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा

## स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और विभागीय स्तर पर विशेष प्रयासों के माध्यम से प्रगति में सुधार लाया जाए। जननी सुरक्षा योजना के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देशित किया कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ बैठक करके प्रगति में सुधार लाये जिससे योजना का लाभ लाभार्थियो को प्राप्ता हो सके। आयुष्मान गोल्डन कार्ड के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी डा0 सुधाकर को निर्देशित किया कि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाये। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, संस्थागत प्रसव, नवजात शिशु एवं मातृ टीकाकरण, आशा रिपोर्टिंग व भुगतान, नियमित टीकाकरण आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग इन सभी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन करे और जनता को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ वेलनेस सेंटर्स का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा जहाँ भी व्यवस्थाओं में कमी है, उसे तत्काल सुधारा जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य संस्थानों में सुव्यवस्थित सेवाओं, स्वच्छता और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, दवाएं और सामग्री यदि कहीं उपलब्ध नहीं हैं, तो उन्हें शीघ्र क्रय कर सुनिश्चित किया जाए ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, और जनजागरूकता कार्यक्रमों को और सशक्त बनाया जाए, जिससे सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़े और बेहतर परिणाम प्राप्त हों। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा ने स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे

## जमीनी विवाद को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, चार घायल



**पट्टी।** जमीन पर कब्जे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में शनिवार की दोपहर दोनों पक्ष सामने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडा चले। जिसमें एक पक्ष से चार लोग घायल हुए हैं।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बीरापुर खुर्द गांव निवासी प्रेमचंद गौतम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि हरिजन आबादी पर उनका वर्षों से कब्जा चला आ रहा है। उसी के समीप विश्वकर्मा लोगों का मकान है जो उनकी सुरक्षित भूमि पर कब्जा करना चाह रहे हैं। जिसको लेकर पूर्व में प्रार्थना पत्र दिया गया था। शनिवार की दोपहर दोनों पक्षों में विवाद हुआ और देखते-देखते ही विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गए। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग पहले से ही तैयारी कर-के बैठे थे। जैसे ही झगड़ा शुरू हुआ वह लोग लाठी डंडा लेकर टूट पड़े प्रेमचंद व उनकी पत्नी सुखनी देवी बेटे सोनू व श्याम बिहारी को मारपीट का लहूलुहान कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस विवाद करने वाले 4 लोगों को हिरासत में ले लिया। वही प्रेमचंद पति-पत्नी को गंभीर चोटे आई थी। दोनों का दोपहर में मेडिकल कराकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। मारपीट का लाइव वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। मामले में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है प्रार्थना पत्र के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## आरोपी के घर पहुंची फारेंसिक टीम, एकत्रित किए साक्ष्य



**पट्टी।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सत्रह वर्षीय किशोरी से गैंगरेप एवं उसे बेचने के मामले के बाद पूरे प्रकरण का खुलासा होने पर गैंगरेप के मुख्य आरोपी रायपुर रोड स्थित गुलजार की दुकान सिमरन क्लॉथ हाउस पर शनिवार को फॉरेंसिक टीम पहुंची। टीम ने ताला खुलवाकर दुकान के अंदर जांच शुरू की। इस पूरे घटनाक्रम में साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। दो सप्ताह पूर्व बवाल के बाद दुकान को पुलिस ने सील करा दिया था। जबकि सीओ पट्टी मनोज कुमार रघुवंशी व कोतवाल आनंदपाल सिंह के नेतृत्व में बुलडोजर की कार्रवाई भी यहां पर हुई थी। बुलडोजर से आगे का टीन शेड व फर्श को तोड़ दिया गया था। दुकान उसी दिन से बंद थी। जिसे जांच के लिए खोला गया। फिलहाल टीम दुकान के अंदर से अहम सबूत एकत्र कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और फॉरेंसिक विभाग संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। आरोपी गुलजार को पुलिस ने पहले दबोचा, बाद में उसके साथी मंगल को भी पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, हुआ जयघोष

**प्रतापगढ़।** अझारा पूरे पाठक में श्रीशिवमहापुराण कथा को लेकर शनिवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने भगवान देवाधिदेव महादेव का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं हवन पूजन व भक्ति संगीत के कार्यक्रम में भी भक्तों को मगन देखा गया। भण्डारे का संयोजन समाजसेवी अच्छेलाल मिश्र व जगन्नाथ मिश्र ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, बालेन्द्र पाण्डेय, प्रशांत मिश्र, दीपेन्द्र ओझा, हरिदत्त तिवारी, दिवाकर नाथ शुक्ल, पवन पाण्डेय, अनिल महेश आदि रहे। इधर नगर के जंगली वीर बाबा पर भी हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। धाम में हवन पूजन में भी श्रद्धालुओं को शामिल देखा गया। धार्मिक आयोजन का संयोजन रामलखन मिश्र ने किया। इस मौके पर सभासद पन्नेलाल पाल, देवी प्रसाद मिश्र बेलौरा, सरिता मिश्रा, निशा मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, कान्हा शुक्ला, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, अतुल पाण्डेय, जमुना प्रसाद तिवारी, रामचंद्र शुक्ल, पवन शुक्ला, योगेन्द्र तिवारी, श्रीकृष्ण तिवारी आदि रहे।

# पूरे देश में पत्रकारों का अहम योगदान : धीरज ओझा

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट संगठन रानीगंज इकाई के तत्वाधीन में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, अति विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश पांडेय अनिरुद्ध रामानुज दास महाराज रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। इसके बाद अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धीरज ओझा ने शपथ दिलाया और कहा कि बड़ा ही अच्छा दिन और अवसर है। 30 मई को पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम से अनजाने लोगों को भी जानकारी हो जाती है की आज पत्रकारिता दिवस है। अगर पत्रकार ना होते तो यह देश आज सुरक्षित ना होता। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी ने कहा कि पत्रकारों का योगदान सराहनीय है। पत्रकारों के माध्यम से हमें भी कुछ सीखने का अवसर मिलता है। पत्रकार एक जिम्मेदार नागरिक होता है जो बिना वेतन के अपने अमूल क्षण को इस देश को समर्पित करता रहता है। अति विशिष्ट अतिथि ओम प्रकाश पांडे ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अध्यक्ष बच्चा मिश्रा, महामंत्री पवन मिश्रा (बनकटा), संरक्षक राकेश तिवारी, पप्पू महाराज, बृजभूषण मिश्रा, कृष्ण मणि मिश्रा, सुभाष विश्वकर्मा, मनोज रजक, सुरेंद्र बहादुर यादव, शिवम मिश्रा, शमीम अहमद को बधाई दी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा मीरा गुप्ता, प्रतिनिधि बद्री प्रसाद गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश प्रताप सिंह, भाजपा नेता संजय मिश्रा, प्रधान सुशील मिश्रा, सभासद माता प्रसाद मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता जयेंद्र नाथ उपाध्याय, सुनील मिश्रा, सभासद सुनील मौर्य, सभासद अनुज पांडे आदि काफी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र मिश्रा ने किया।

## प्रसूता व नवजात की मौत के बाद परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** क्षेत्र के सैफाबाद बाजार स्थित कृष्णा क्लीनिक एंड मैटरनिटी सेंटर में प्रसव के लिए भर्ती एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतका के परिजनों ने क्लीनिक संचालक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है, वहीं सैफाबाद चैकी पुलिस पर भी समझौते का दबाव बनाने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पर्वतपुर सुलेमान गांव निवासी 23 वर्षीय यास्मीन बानो की शादी 16 जून 2025 को सैफाबाद निवासी मोहम्मद अयान के साथ हुई थी। गर्भवती यास्मीन को 26 मई को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सैफाबाद बाजार स्थित कृष्णा क्लीनिक एंड मैटरनिटी सेंटर में भर्ती कराए थे। परिजनों का आरोप है कि 29 मई तक प्रसव नहीं कराया जा सका और शाम करीब पांच बजे उसकी हालत बिगड़ने पर क्लीनिक संचालक ने उसे अन्यत्र ले जाने की सलाह दी। मृतका के ससुर हदीस के अनुसार, वह बहू को दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए घर से कुछ लोगों को बुलाने गए थे। इसी दौरान अस्पताल में यास्मीन की मौत हो गई। आरोप है कि अस्पताल संचालकों ने अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए शव को परिजनों की अनुपस्थिति में अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी भेज दिया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि शुक्रवार शाम शिकायत लेकर जब वे सैफाबाद चैकी पहुंचे तो पुलिस ने कार्रवाई के बजाय समझौते की बात कही। हदीस का आरोप है कि चैकी इंचार्ज ने खर्च की गई धनराशि पूछने के बाद समझौता कर लेने की सलाह दी। उनका कहना है कि रात में दबाव बनाकर समझौता करा दिया गया, जबकि समझौते की राशि भी उन्हें अब तक नहीं मिली है। शनिवार को यास्मीन के शव को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सैफाबाद चैकी प्रभारी योगेंद्र पटेल ने आरोपों से इनकार करते हुए बताया कि बड़ी संख्या में लोग शिकायत लेकर आए थे, लेकिन कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई। उनके अनुसार बाद में सूचना मिली कि दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है और वे कोई कार्रवाई नहीं चाहते। फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर जारी है। यदि परिजन लिखित शिकायत देते हैं तो जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

## रास्ते के विवाद में मारपीट, तीन के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर पीड़ित की पिटाई को लेकर लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के दांदूपुर पड़ान निवासी कृष्णचंद्र यादव पुत्र दान बहादुर यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस मई को रात पौने नौ बजे विपक्षी उसके खेत से जबरिया रास्ता खुदवा रहे थे। मना करने पर आरोपी गांव के ननके यादव पुत्र जीतलाल व प्रवीण पुत्र ननके ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित ने हंडेज्ड डायल को फोन से घटना की सूचना दी। इस बीच एक अज्ञात आरोपी ने मोबाइल फोन से गालीगलौज करते हुए शिकायत करने पर पीड़ित को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ननके व प्रवीण तथा अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## पत्रकार भवन की मरम्मत को लेकर पूर्व मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**पट्टी।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रंजन त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार को पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह से मुलाकात कर पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पट्टी स्थित पत्रकार भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए भवन की मरम्मत, परिसर में इंटरलॉकिंग, विद्युत व्यवस्था तथा पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस पर पूर्व मंत्री मोती सिंह ने कहा कि पट्टी के पत्रकारों ने अपनी लेखनी के बल पर समाज को आईना दिखाने का कार्य किया है। उनकी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि मांग पत्र में शामिल सभी सुविधाएं जल्द ही पत्रकार भवन में उपलब्ध कराई जाएंगी।श्री सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल को निर्देशित किया कि नगर पंचायत स्तर से जो भी सुविधाएं संभव हों, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन स्तर से पत्रकार भवन की मरम्मत व अन्य कार्यों हेतु 5 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कराने का प्रयास किया जाएगा।इस अवसर पर बालेंद्र भूषण पांडे, डॉ शकील अहमद, सत्यनारायण खंडेलवाल, राकेश तिवारी, विनोद तिवारी, रविंद्र मिश्रा, विजय पाठक, शिवाकांत पांडे, अमरजीत शर्मा,आशीष तिवारी, अंकित पांडे, मानवेंद्र प्रताप सिंह, कई पत्रकार उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मेधावियों को मिला सम्मान, खुशी

**प्रतापगढ़।** नया का पुरवा गौखाडी स्थित एस लिटिल वंडर माण्टेसरी स्कूल में शनिवार को मेधावियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धिका सपना तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में प्रबंधिका सपना ने विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेधावियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे पर खुशी देखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामफेर सरोज एवं संचालन शिक्षक पवन पाण्डेय ने किया। इस मौके पर कुलदीप सोनी, शालिनी मिश्रा, कविता यादव, आदित्य मिश्र आदि रहे।

### केला लादकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल



**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र में शनिवार भोर में केला लादकर शाहगंज जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दयालगंज बाजार में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार, महुली मंडी से केला लादकर चालक आशीष यादव निवासी औराई (आसपुर देवसरा) दाउदपुर संपर्क मार्ग से शाहगंज जा रहे थे। जैसे ही उनका ट्रक दयालगंज (आमापुर) बाजार में आशीष अग्रहरी की दुकान के सामने पहुंचा, सड़क पर बने गड्ढे के कारण चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल को तोड़ते हुए दुकान के सामने खड़ी एक पिकअप वाहन से टकरा गया और आगे जाकर चिलबिल के पेड़ से भिड़ने के बाद पलट गया। दुर्घटना में चालक आशीष यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने घायल चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायल चालक का उपचार कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आबादी विवाद में खूनी संघर्ष, दंपती समेत चार घायल

**लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला, पुलिस से कार्रवाई की मांग**

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बीरापुर खुर्द गांव में आबादी की जमीन को लेकर हुए विवाद में विपक्षी ने दंपती समेत चार लोगों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी प्रेमचंद और उनकी पत्नी सुखनी देवी का पड़ोसियों से आबादी की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जिसका मुकदमा न्यायालय में भी चल रहा है। आरोप है कि इसी विवाद को लेकर शनिवार को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विपक्षी लोग एकजुट होकर पहुंचे और प्रेमचंद तथा उनकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।दंपती की चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के सोनू और श्याम बिहारी को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उन्हें भी जमकर पीटा। मारपीट में चारों लोग घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों के जुटने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायलों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया पीड़ित की तहरीर पर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चौकी प्रभारी को एसपी ने किया लाइन हाजिर

पट्टी। कंधई थाना क्षेत्र के बिजहरा चौकी प्रभारी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगने के बाद पुलिस अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, कंधई थाना क्षेत्र के परानपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि जमीन संबंधी एक मामले में कोर्ट से जारी वारंट को लेकर बिजहरा चैकी प्रभारी विकास कुमार ने उन्हें चैकी पर बुलाया था। पीड़ित का आरोप है कि चैकी पहुंचने पर प्रभारी ने उनका मोबाइल फोन अपने पास रख लिया और मामला निपटाने के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि रुपये न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर से की।मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तत्काल संज्ञान लिया और प्रथम दृष्टया आरोपों के आधार पर बिजहरा चैकी प्रभारी विकास कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही मामले की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।चैकी प्रभारी के खिलाफ हुई इस कार्रवाई की खबर फैलते ही स्थानीय पुलिस विभाग में चर्चा का माहौल बन गया। पुलिस अधीक्षक की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### दहेज हत्या के वांछित धराये, गये जेल

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमें में दो वांछित आरोपियों को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा शिशिर पटेल ने शनिवार को गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के छेमर सरैंया मोड़ के पास से पूरे रम्मू तेलियाही निवासी राधेश्याम वर्मा पुत्र स्व0 जोखू व राधेश्याम की पत्नी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। आरोपियों के खिलाफ सांगीपुर थाना के सराय तिहइत की पीड़िता ने बीती अटठाईस मई को दहेज की मांग को लेकर बेटी की गला दबाकर ससुरालीजनों द्वारा हत्या को लेकर केस दर्ज कराया है।

### चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज।** रंजिशन मारपीट की घटना में लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के शकूहाबाद निवासी मो0 इरफान के पुत्र साबिर ने दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस मई को दोपहर साढ़े तीन बजे गांव में आरोपी सोहेल व सोनू तथा नसीब व नजीब पुत्रगण शरीफ ने रास्ते मे उसे रोक कर गालीगलौज शुरू की। मना करने पर आरोपियों द्वारा लाठी डंडे व कुल्हाडी से पीड़ित पर हमला किया गया। शोर मचाने पर गांव के लोग दौडे तो आरोपियों ने पीडित को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोहेल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आम तोड़ने के विवाद में मारपीट, चार के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** आम तोड़ने के विवाद को लेकर मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने दो नामजद समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कोठार मंगोलेपुर सगरा सुंदरपुर निवासी मोहनलाल तिवारी पुत्र स्व0 श्यामसुख तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस मई को सुबह आठ बजे गांव के रोहित पुत्र ओम नारायण वर्मा, ओम नारायण पुत्र रामरूप वर्मा तथा दो अज्ञात बाग से जबरिया आम ले जा रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसे मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रोहित समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# राष्ट्र के नवनिर्माण में हिन्दी पत्रकारिता का योगदान सर्वश्रेष्ठ : एसडीएम



**लालगंज।** तहसील परिसर स्थित पत्रकार भवन में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने स्व0 गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि राष्ट्र के नव निर्माण एवं भाषा के परिष्कार में हिन्दी पत्रकारिता का सर्वश्रेष्ठ योगदान है। उन्होने हिन्दी के लेखकों एवं विचारकों की विचारधारा को राष्ट्र को संगठित करने में सशक्त पूंजी कहा। विशिष्ट अतिथि ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने धर्मराज युधिष्ठिर तथा महर्षि नारद को सच की पत्रकारिता का आदर्श निरूपित किया। महासंघ के तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र व महामंत्री साकेत मिश्र ने आयोजन समिति की ओर से एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को सम्मानित किया। वहीं एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने लेखन व पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर तिवारी, डॉ0 आशीष सिंह, सुरेन्द्र तिवारी सागर, सुरेश मिश्र मदन, विवेक शुक्ल, जगत वर्मा, विनोद सिंह, प्रमोद सिंह आदि को अंगवस्त्रम तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान सौंपा। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी व अध्यक्षता तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र एवं संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। संयोजन सुरेन्द्र तिवारी सागर, मुकेश तिवारी, डॉ0 आशीष सिंह द्वारा हुआ दिखा। वरिष्ठ पत्रकार सुरेश मिश्र मदन, राहुल मिश्र, विवेक शुक्ल आदि ने पत्रकारिता के ध्येय पर प्रकाश डाला। स्वागत लवलेश शुक्ला व आभार प्रदर्शन प्रेम मिश्र ने किया। इस मौके पर संजीव तिवारी, सुमित त्रिपाठी वत्सल, देवेश त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ल, दिनेश सिंह, अधिवक्ता हरिश्चंद्र पाण्डेय, अम्बुज पाण्डेय आदि रहे।

## विधवा की पिटाई को लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने विधवा की पिटाई को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सुजाखर निवासिनी शशिप्रभा पत्नी स्व0 राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस मई को सुबह दस बजे गांव के कमलेश बहादुर सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके दरवाजे आ धमके। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने पीड़िता पर जबरिया जमीन लिखवाये जाने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कमलेश समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# प्राथमिक विद्यालय व बाजार के बीच जलभराव से आवागमन बाधित



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीमावर्ती गांव भांटपट्टी में हल्की बारिश के बाद ही जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव सुल्तानपुर जनपद की सीमा से सटा हुआ है, जहां स्थित प्राथमिक विद्यालय और बाजार के बीच का मार्ग पानी से लबालब भर गया है। इसके चलते लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में विकास कार्यों की स्थिति बेहद खराब है। प्राथमिक विद्यालय और बाजार को जोड़ने वाले मार्ग पर जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। नालियों के अभाव में बरसात का पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे छात्रों, अभिभावकों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों भोलानाथ वर्मा, शिबू खान, राशिद खान, यार मोहम्मद खान, मालजीत तिवारी, राजेंद्र कुमार, ओम प्रकाश,का कहना है कि कच्चा रास्ता होने के कारण बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। आसपास के कई गांवों के लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन जलभराव के कारण आवाजाही जोखिम भरी हो जाती है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर गांव की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान रमाशंकर कनौजिया ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आवश्यक कार्रवाई कराकर जल निकासी और मार्ग की समस्या का स्थायी समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

# बुझने नहीं देंगे हिंदी पत्रकारिता की मशाल, पत्रकारों ने लिया संकल्प

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर वरिष्ठ पत्रकारों का किया गया सम्मान

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन स्थित सरस हाल में शनिवार को वरिष्ठ पत्रकार राम बदन भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया इस गोष्ठी में ग्रामीण और मुख्यालय सहित सैकड़ो पत्रकारों ने सहभागिता निभाई और पत्रकारिता पर लगातार हो रहे हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई इस मौके पर पत्रकारों ने संकल्प लिया है कि हिंदी पत्रकारिता की मशाल को बुझने नहीं देंगे हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार सुशील केसरवानी के संयोजन में हुआ जिसमें जिले के विभिन्न





संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी सदस्य शामिल हुए और अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारिता के मशाल को जलाए रखने का संकल्प लिया है इस मौके पर बायोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ केसरवानी उर्फ कल्लू पत्रकार राम बदन भार्गव रमेश चंद अकेला को अंग वस्त्र देकर माल्यार्पण कर और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है इस मौके पर विमलेश शुक्ला अशोक विश्वकर्मा अनुराग शुक्ला पंकज केसरवानी नारायण दत्त तिवारी अशोक केसरवानी सुशील कुमार मिश्रा उर्फ बबलू उत्तम मिश्रा अली मुक्तजा धारा यादव धर्मेंद्र सोनकर अजय कुमार पवन मिश्रा सुबोध केसरवानी गणेश साहू मदन केसरवानी नेता तिवारी अजीत कुशवाहा ओमप्रकाश केसरी विष्णु सोनी अनिल कुमार लकी तिवारी बृजेंद्र केसरवानी शैलेंद्र मौर्य मोहम्मद आरिफ योगेंद्र त्रिपाठी शिव कुमार रमाशंकर सिंह सर्वेश कुमार अमित कुमार अनुराधा यादव गणेश अग्रहरि अमित शुक्ला नीरज सिंह महेंद्र शुक्ला कौशिक अग्रहरि रामप्रसाद गुप्ता सच्चिदानंद मिश्रा राजू केसरवानी समसुल हसन संजीव चौरसिया सुनील केसरवानी ध्यान सिंह मोअज्जम खान राकेश केसरी राजेश केसरवानी मोहम्मद अलीम रमेश तिवारी शमशाद अली रोहित तिवारी सहित सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे जिन्होंने हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया।

# खाना देने जा रही महिला को रास्ते में लोगों ने उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में महिला अपने पति को खाना देने जा रही थी कि रास्ते में लोगों ने महिला को मौत के घाट उतार दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के इमली गांव निवासी मनीषा देवी उम्र लगभग 46 वर्ष पत्नी दशरथ लाल सरोज शुक्रवार रात लगभग 8 बजे अपने गांव के पुराने घर से खाना लेकर घर से लगभग एक किलो मीटर दूर गांव के बाहर गोम्दापुर रोड स्थित गोंडा में अपने पति दशरथ लाल को खाना देने जा रही थी कि गोंडा से सौ मीटर पहले कुछ लोगों ने महिला की हत्या कर शव फेंक दिया काफी देर बाद महिला का पति पुराने घर में फोन किया तो परिजनों ने



बताया कि काफी देर पहले महिला खाना लेकर गई थी उसके बाद परिजनों में खलबली मची काफी प्रयास के बाद एक बाग में महिला का शव मिला बताया जा रहा है कि महिला के गले में रस्सी का फंदा लगाकर मारने के निशान जैसा लग रहा है परिजनों ने नजदीकी पुलिस को सूचना दिया पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं जाँच पड़ताल में जुट गई है।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर ब्लॉक सभागार में हुआ आयोजन



**कौशांबी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला की अगुवाई में मंझनपुर विकासखंड परिसर कार्यालय में शनिवार को सैकड़ो पत्रकार एकत्रित हुए जहां पत्रकारिता दिवस पर चर्चा हुई और पत्रकारों के ऊपर दर्ज हुए फजी मुकदमा को लेकर पत्रकारों में नाराजगी दिखाई पड़ी है इस मौके पर पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कलम की आवाज दबाने वाले को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों को न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला ने अंग वस्त्र साल गमछा और माला पहनकर उनका स्वागत किया है विमलेश शुक्ला ने कहा कि पत्रकारों के विरुद्ध यदि किसी ने भी गलत कार्यवीही की तो उसकी खैर नहीं होगी उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए उनका संगठन हमेशा खड़ा मिलेगा। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद मिश्र, योगेंद्र सिंह, संजय मिश्रा, अशोक विश्वकर्मा, राकेश केसरी, सुशील केसरवानी, रामबदन भार्गव, अशोक केसरवानी, पंकज केसरवानी, मोहम्मद नसीम, ध्यान सिंह, अमित शुक्ला, अनुराग शुक्ला, विनोद पांडे, महेंद्र शुक्ला, अमर सिंह, कृष्णमणि मिश्रा, सुबोध केसरवानी, मेराज मंसूर, पवन मिश्रा, शमशाद अली, ओम प्रकाश केसरवानी, विजय यादव, दिलशाद अहमद, रामविलास पटेल आदि सैंकड़ो पत्रकार मौजूद रहे।

## नाबालिक बालिका को भगा लेजाकर रेप करने वाला आरोपी 8 महीने बाद गिरफ्तार

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका को आरोपी राहुल 01 अक्टुबर 2025 को भगा ले गया है थाना पश्चिम शरीरा पर मु0अ0सं0 102/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ पीड़िता को बरामद करते हुए उसके बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 87/65(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी हुई उपरोक्त क्रम में दिनांक 30.05.2026 को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र शान्ति उर्फ सन्तलाल निवासी ग्राम पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को के बीएफ भट्टे के पास से गिरफ्तार किया है।

## पारदर्शी पोर्टल से दर्शन 2.0 पोर्टल पर किसानों कराए पंजीकरण

**कौशांबी।** पारदशी पोर्टल 1.0 पर पंजीकृत किसानों का दर्शन 2.0 पोर्टल पर आने में कुछ किसानों का पंजीकरण डिलीट हो गया एवं कुछ किसानों का पोर्टल पर क्षेत्रफल कम दर्शा रहा है और अंगूठा भी नही लग पा रहा है, जिससे कुछ कृषक विभागीय योजनाओं एवं बीज आदि का लाभ प्राप्त नही कर पा रहे हैं। इसके निराकरण के लिए दर्शन 2.0 पर खाता संशोधन जाति संशोधन एवं भूमि संशोधन मौजूद है उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस कार्य को करने के लिए अनुज कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर मो0नं0-7905289590 व 817497820 को हेल्प डेस्क प्रभारी नामित किया गया है।

# प्रेस की गिरती आजादी पर फूटा पत्रकारों का आक्रोश

### कलम पर बढ़ते हमले लोकतंत्र के लिए खतरा

**विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की स्थिति पर चिंता कौशांबी की गोष्ठी में ग्रामीण पत्रकारों ने दबाव, हमले और उपेक्षा को लोकतंत्र के लिए बताया खतरा**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। गांवों में भ्रष्टाचार,अवैध खनन, भू-माफियाओं की दबंगई,सरकारी योजनाओं में धांधली और सत्ता संरक्षित अनियमितताओं को उजागर करने वाले पत्रकार लगातार दबाव,धमकियों,फजी मुकदमों और हमलों का सामना कर रहे हैं। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को सरस भवन सभागार में आयोजित पत्रकार गोष्ठी में जिले भर से जुटे पत्रकारों ने इन मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और प्रेस की स्वतंत्रता पर बढ़ते संकट को लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया। वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी प्रेस स्वतंत्रता सूचकांकों में भारत की स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई है। हाल के वर्षों में भारत की रैंकिंग में आई गिरावट को लेकर पत्रकारों ने गहरी चिंता व्यक्त की। उनका कहना था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में यदि पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं तो यह केवल मीडिया का नहीं,बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे की चिंता का विषय



है।वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार आज दोहरे दबाव में काम कर रहे हैं। एक ओर स्थानीय स्तर पर दबंग,भू-माफिया,खनन माफिया और भ्रष्ट तंत्र की नाराजगी झेलनी पड़ती है,वहीं दूसरी ओर कई बार राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों के खिलाफ खबर प्रकाशित करने पर प्रशासनिक प्रताड़ना का भी सामना करना पड़ता है। कई पत्रकारों ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों के मामलों में निष्पक्ष कारवाई के बजाय शिकायतकर्ता पत्रकारों को ही परेशान किए जाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं।गोष्ठी में पिछले एक वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में पत्रकारों की हत्या,जानलेवा हमलों और उत्पीड़न की घटनाओं का भी उल्लेख किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हर बार जांच और कारर्वाई के दावे किए जाते हैं लेकिन दोषियों को समयबद्ध और कठोर सजा नहीं मिल पाती। इससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं और पत्रकारों में असुरक्षा की भावना गहराती है।हालांकि पत्रकारिता को लोकतंत्र का प्रहरी कहा जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्यरत पत्रकारों को न पर्याप्त सुरक्षा मिल रही है,न कानूनी संरक्षण और न ही संस्थागत सहयोग। वहीं दूसरी ओर, बड़े मीडिया संस्थानों द्वारा भी जिला और तहसील स्तर पर कार्यरत पत्रकारों की समस्याओं को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई।गोष्ठी में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज होने वाले दुर्भावनापूर्ण मुकदमों की स्वतंत्र जांच कराने,हमलों के मामलों के लिए विशेष तंत्र बनाने तथा प्रेस की स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि सच लिखने वाली कलम पर भय का साया गहराता गया तो लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होगी और जनता की आवाज सत्ता के गलियारों तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता किसी वर्ग विशेष का विशेषाधिकार नहीं,बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। इसकी रक्षा करना सरकार, प्रशासन, मीडिया संस्थानों और समाज सभी की साझा जिम्मेदारी है।

# दैवीय आपदा राहत कोष से पीड़ित परिवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने दिलाई लाखों की सहायता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में तेज आंधी तूफान में कच्चा मकान के ऊपर पेड़ गिर जाने के बाद मां और दो बेटी की मौत के बाद उनके परिवार में नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी पहुंचे हैं और उन्होंने दैवीय आपदा राहत कोर से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाई है उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा शासन द्वारा स्वीकृत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।पूरब पश्चिम शरीरा स्थित दूनी तिवारी का पूरा में तेज आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने से माया देवी,उनकी पुत्री श्वेता और पुत्र अनुभव की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी,जबकि पुत्र आकाश गंभीर



रूप से घायल हो गया। इस हृदयविदारक घटना के बाद वीरेंद्र सरोज ह्यफौजी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया तथा दैवीय आपदा राहत कोष से स्वीकृत 12 लाख रुपये की सहायता का डेमो चेक सौंपा। उन्होंने बताया कि सहायता राशि लाभाथियों के खाते में पहुंच चुकी है।इसके अलावा अन्धावां निवासी अवधेश सरोज उम्र 35 वर्ष की सपर्दंश से हुई असामयिक मृत्यु पर वीरेंद्र सरोज ह्यफौजी जिलाध्यक्ष धमर्राज मौर्य के साथ उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए शासन की ओर से स्वीकृत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का डेमो चेक प्रदान किया। यह धनराशि भी परिजनों के खाते में प्राप्त हो चुकी है।इस अवसर पर वीरेंद्र सरोज फौजी ने कहा कि संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना समाज और जन प्रतिनिधियों का नैतिक दायित्व है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं और राहत सहायता का लाभ पहुंचाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री भास्कर सिंह, मंडल अध्यक्ष राजीव पाल, विजय तिवारी, बच्चा लाल सरोज, संबंधित लेखपाल तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत सचिव, सहायक लेखाकार लेखाकार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सहायक विकास अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कौशांबी।** जनपद के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों, विकास खण्ड स्तर पर तैनात समस्त सहायक लेखाकार लेखाकार,कम्प्यूटर ऑपरेटर,सहायक विकास अधिकारी (पं.) एवं खण्ड विकास अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन स्थित सरस हॉल में सम्पन्न हुई प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपायुक्त वाणिज्य कर एवं अन्य प्रशिक्षक दल द्वारा ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों द्वारा विभिन्न मदों में किये जाने वाले भुगतानों पर जी.एस.टी., टी.डी.एस. की 02 प्रतिशत की कटौती प्रत्येक दशा में किये जाने के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परियोजना निदेशक मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पूर्व में चयनित लाभार्थियों की पात्रता के परीक्षण के लिए दिनांक 01 जून से 10 जून तक विशेष अभियान चलाकर ग्राम सभाओं की बैठक आयोजित करते हुए अंतिम सूची तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त एन.आर.एल.एम. ने कहा कि आवास एवं मनरेगा श्रमिक परिवारों में,जो पात्र परिवार अभी तक स्वयं सहायता समूहों से नहीं जुड़ सके हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से समूह से जोड़ा जाए। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति सप्ताह कम से कम एक स्वयं सहायता समूह का गठन सुनिश्चित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जनपद में वर्तमान समय में 9197 फैमिली आई.डी. बनाया जाना अवशेष है। इस पर सीडीओ विनोद राम त्रिपाठी ने निर्देशित किया कि विकास खण्ड स्तर पर नियमित समीक्षा करते हुए अविलम्ब फैमिली आई.डी. बनवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे सी.एम. डैशबोर्ड की प्रगति रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर बनी रहे। पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत सोलर पैनल स्थापना के सम्बन्ध में कहा कि प्रत्येक क्लस्टर की ग्राम पंचायतों में न्यूनतम 03 सोलर पैनल स्थापित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समस्त सचिव जनमानस को प्रेरित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप सोलर पैनल स्थापना सुनिश्चित कराए, जिससे विद्युत समस्या में कमी आये तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके एवं सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर बनी रहे। वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के ऑडिट प्रस्तरों की प्रस्तरवार समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त सम्बन्धित सचिव पैरावार उत्तर अभिलेखीय साक्ष्यों सहित जिला पंचायत राज अधिकारी,कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा उत्तर प्रस्तुत न किये जाने की दशा में सम्बन्धित सचिवों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## न्यूज झरोखा

### दिल्ली से डेडबॉडी लेकर झारखण्ड जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर ट्रक से भिड़ी, 6 लोग घायल

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** दिल्ली से डेड बॉडी लेकर झारखण्ड जा रही एंबुलेंस कोखराज थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रक से टकरा गई, हादसे में एंबुलेंस सवार 6 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना की




सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू भेजा,वही डेडबॉडी अभी भी दुघर्नाग्रस्त एंबुलेंस के अंदर मौजूद है पुलिस ने बताया कि रिश्तेदारों के आने के बाद डेडबॉडी को भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार एंबुलेंस अचानक कोखराज थाना क्षेत्र के नंदमई मोड़ के पास अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रक से भिड़ गई डेड बॉडी लेकर एम्बुलेंस दिल्ली से झारखंड जा रही थी हादसे में एंबुलेंस चालक आकाश,मंजू 28 वर्ष,जाह्नवी 6 वर्ष,अंजली 7 वर्ष,ललिता देवी 42 वर्ष,हरखू 35 वर्ष घायल हो गए है।जिनमें से अंजलि की हालत अधिक नाजुक बताई जा रही है।

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम तियरा जमालपुर में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी।** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी, मंझनपुर आकाश सिंह ने शनिवार को ग्राम तियरा जमालपुर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम



द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शिकायतकर्ता दीपक की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 417(क), चकरोड की पैमाइश कर मौके पर ही अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता ग्राम प्रधान पप्पू की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 618, ग्राम सभा की भूमि चिन्हित कर मौके पर ही अवैध अतिक्रमण हटवाया गया।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### एसडीएम ने ग्राम बेरौचा उपरहार में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी।** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी, मंझनपुर आकाश सिंह ने शुक्रवार को ग्राम बेरौचा उपरहार में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शिकायतकर्ता लक्ष्मी नारायण की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 147,चकरोड की पैमाइश कर चिन्हित किया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता मंगला प्रसाद द्विवेदी की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 83, चकरोड की पैमाइश कर चिन्हित किया गया। शिकायतकर्ता पवन कुमार पाण्डेय की शिकायत पर ग्राम की आराजी संख्या 935, नाली की भूमि की पैमाइश कर अवैध अतिक्रमण को मौके पर ही हटवाया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## भैरव बाबा धाम में गूंजा अखंड रामचरितमानस पाठ और विशाल भंडारे में उमड़ी भीड़

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के तारा का पुरवा स्थित प्रसिद्ध एवं आस्था के केंद्र भैरव बाबा धाम में शनिवार को धर्म,भक्ति और जनसेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भैरव बाबा धाम परिसर में टीन शेड की स्थापना कराए जाने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ समाजसेवी रामलाल अग्रहरि एवं उनके सुपुत्र,समाजसेवी तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष मऊ शारदा प्रसाद अग्रहरि के नेतृत्व में 24 घंटे का अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ एवं विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ।धार्मिक आयोजन के शुभारंभ से ही पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। वैदिक मंत्रोच्चार, श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों और प्रभु श्रीराम के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान रहा।रामायण मंडली के कलाकारों द्वारा श्रद्धा एवं भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत किए गए मानस पाठ का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक मंदिर परिसर में उपस्थित रहे अखंड रामचरितमानस पाठ के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य,मर्यादा,त्याग और धर्म के संदेशों का वर्णन किया गया श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। महिलाओं,बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया और भैरव बाबा के चरणों में मत्था टेककर सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना की। टीन शेड की स्थापना से अब मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को धूप, वर्षा एवं अन्य मौसमीय परिस्थितियों से राहत मिलेगी, जिससे उन्हें दर्शन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक सुविधा प्राप्त



होगी।अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम समापन पर समाजसेवी शारदा प्रसाद अग्रहरि ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों, रामायण मंडली, सहयोगकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भैरव बाबा एवं प्रभु श्रीराम की असीम कृपा से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इस अवसर पर निवतर्मान सांसद, स्वगीय श्यामा चरण अग्रहरि के सुपुत्र एवं उद्योगपति विद्युप अग्रहरि,उद्योगपति राजेश मसाला, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, मऊ चेयरमैन अमित द्विवेदी, शिक्षाविद् प्रो. मानिक चंद्र अग्रहरि,अखिल भारतीय अग्रहरि समाज के केंद्रीय प्रचार मंत्री रॉबिन कुमार अग्रहरि, राजू अग्रहरि,कौशिक अग्रहरि,राजू केशरवानी,जिला पंचायत सदस्य विनती द्विवेदी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी व्यापारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संदीपनघाट थाना का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**सफाई, अभिलेख रख-रखाव और लंबित मामलों के निस्तारण के सख्त निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने शनिवार को थाना संदीपनघाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना, भोजनालय, बैरक और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। एसपी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश देते हुए लंबित विवेचनाओं और शिकायती प्राथनी पत्रों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए



थाना स्टाफ को जनता की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कहा। बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने और संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने पुलिसकमिर्यों की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने को कहा।

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र के लिए निराशाजनक फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार 27 मई को बिहार और अन्य राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की वैधता को बरकरार रखने का महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने साफ कर दिया है कि एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार है और इससे मतदाता सूची को सही और पारदर्शी बनाए रखने में मदद मिलती है।

इस फैसले के बाद संविधान कुचलने और लोकतंत्र को हराने की भाजपा की कोशिश को बड़ी कामयाबी मिली है। भाजपा ने इसका इजहार भी कर दिया है। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने इसे विपक्ष के लिए संवैधानिक हार बताया है। इस तरह जाहिर हो गया कि भाजपा और चुनाव आयोग एक टीम में हैं, अन्यथा इस फैसले में चुनाव आयोग की कार्रवाई को सही बताया गया है तो भाजपा उसकी खुशी क्यों मना रही है। सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर बेबुनियाद आरोप लगाते हुए कहा कि मामला सिर्फ इतना ही नहीं है कि एसआईआर के खिलाफ आरोप निराधार साबित हुए बल्कि मुद्दा इससे कहीं अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा कि आज विपक्षी दल, विशेषकर कांग्रेस पार्टी का चीन के साथ समझौता है, उनका परिवार इटली में है। उनकी विचारधारा का केंद्र इंग्लैंड और यूरोप में है, और प्रचार का केंद्र अमेरिकी संस्थान हैं और वोटों का प्रवाह बांग्लादेश से जुड़ा हुआ है।

जाहिर है एक बार फिर कांग्रेस और गांधी परिवार को निशाने पर लिया गया है, जबकि एसआईआर के खिलाफ टीएमसी, सपा, आरजेडी, डीएमके जैसे तमाम दल हैं। इन सबका एक ही तर्क है कि नागरिकों को वोट देने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता और एसआईआर के जरिए ऐसा ही हो रहा है। पाठक जानते हैं कि आजादी के बाद जब संविधान बना और उसके तहत लोकतांत्रिक चुनाव करवाने की प्रक्रिया शुरू हुई तो नीति निमार्ताओं का जोर इस बात पर था कि देश के हर वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार मिले, ताकि सही अर्थों में जनता अपने लिए सरकार चुन सके। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नागरिकों को चुनाव दर चुनाव मतदान के लिए जागरुक किया गया, चुनावों को लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के तौर पर निरूपित किया गया। चुनाव आयोग की कोशिश रही कि जिन नागरिकों ने बतौर मतदाता अपना नाम दर्ज नहीं कराया है, उन तक पहुंचा जाए। क्योंकि एक भी नागरिक अगर मतदान के अधिकार से वंचित रहे तो यह लोकतंत्र की बड़ी हार होती। लेकिन एसआईआर के जरिए क्या इस लोकतंत्र को हराने की कोशिश हो रही है, ऐसी चिंता के साथ कई लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण की वैधता को लेकर याचिकाएं दाखिल की थीं।

ध्यान रहे कि पिछले साल बिहार से एसआईआर की शुरूआत की गई थी और तब सवाल उठे थे कि ठीक चुनाव के पहले ऐसी कवायद की क्या जरूरत है। अगर मतदाता सूची में गड़बड़ी थी तो क्या लोकसभा चुनाव के नतीजे अवैध कहे जा सकते हैं। क्या चुनाव आयोग के पास एसआईआर कराने का संवैधानिक अधिकार है? दस्तावेज जमा न कर

# अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति की अमरज्योति

**-: ललित गर्ग:-**

**भारतीय** इतिहास के विशाल आकाश में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जो केवल अपने समय के शासक नहीं होते, बल्कि युग की चेतना बन जाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ऐसा ही एक दिव्य व्यक्तित्व हैं। वे केवल मालवा की रानी नहीं थीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सुशासन, न्याय और लोककल्याण की जीवित प्रतिमूर्ति थीं। 31 मई 2026 को उनकी 301वीं जयंती मनाई जा रही है। यह अवसर केवल एक महान शासिका को स्मरण करने का नहीं, बल्कि उस दिव्यदृष्टि और जीवन-दर्शन को पुनः समझने का है, जिसकी आज के भारत को अत्यंत आवश्यकता है। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्या एक सामान्य परिवार से थीं। उनके पिता मनकोजी शिंदे ग्राम प्रधान थे। उस समय जब स्त्री-शिक्षा का प्रचलन लगभग नहीं था, तब उन्होंने अपनी पुत्री को शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास दिया। यही शिक्षा आगे चलकर उन्हें भारतीय इतिहास की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में स्थापित करने वाली बनी।

मालवा के शासक मल्हार राव होलकर ने बालिका अहिल्या में अद्भुत प्रतिभा देखी और उनका विवाह अपने पुत्र खंडेराव होल्कर से करवा दिया। किंतु विवाह के कुछ वर्षों बाद ही युद्ध में पति की मृत्यु हो गई। उस युग की परंपराओं के अनुसार अहिल्याबाई सती होना चाहती थीं, लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें रोकते हुए कहा कि राज्य और प्रजा को उनकी आवश्यकता है। यही वह क्षण था, जहां से एक साधारण स्त्री का असाधारण नेतृत्व आरंभ हुआ। अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों की अग्निपरीक्षा रहा। पति की मृत्यु, पुत्र मालेराव का निधन और बाद में ससुर मल्हार राव का बिछोह-इन सब आघातों के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा को जनसेवा की शक्ति में बदल दिया। यही कारण है कि उनका शासन केवल राजसत्ता नहीं, बल्कि करुणा और उत्तरदायित्व का आदर्श बन गया।

1767 में जब वे मालवा की गद्दी पर बैठीं, तब राजनीतिक अस्थिरता, षड्यंत्र और बाहरी आक्रमणों का दौर था। किंतु उन्होंने अद्भुत धैर्य, विवेक और साहस के साथ शासन संभाला। उनका प्रशासन इस बात का उदाहरण था कि सुशासन केवल शक्ति से नहीं, बल्कि संवेदना, न्याय और नैतिकता से संचालित होता है। उन्होंने कर व्यवस्था को सरल बनाया, किसानों पर लगान कम किया और व्यापार को संरक्षण दिया। उनके शासन में मालवा समृद्धि, शांति और सांस्कृतिक विकास का केंद्र बन गया। आज जब राजनीति अक्सर सत्ता-संघर्ष और स्वार्थ का पर्याय बनती जा रही है, तब अहिल्याबाई का जीवन यह संदेश देता है कि शासन का वास्तविक उद्देश्य जनता का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने कभी राजसत्ता को अहंकार का माध्यम नहीं बनने दिया। वे प्रतिदिन खुले दरबार में प्रजा की समस्याएं सुनती थीं। उनके न्याय में न पक्षपात था और न विलंब। यही कारण था कि जनता उन्हें ह्यलोकमाताह्न कहकर सम्मान देती थी।

अहिल्याबाई का सबसे बड़ा योगदान भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण में दिखाई देता है। मुगल आक्रमणों और राजनीतिक उथल-पुथल के कारण देश के अनेक मंदिर और तीर्थस्थल नष्ट हो चुके थे। उन्होंने केवल मंदिरों का पुनर्निर्माण नहीं करवाया, बल्कि भारतीय आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित किया। काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और उज्जैन सहित अनेक तीर्थों में उन्होंने घाट, मंदिर, कुएं और धर्मशालाएं बनवाईं। यह कार्य किसी संकीर्ण धार्मिक आग्रह से प्रेरित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता को बचाने का राष्ट्रीय प्रयास था। उनकी दृष्टि केवल धर्म तक सीमित नहीं थी। वे समाज-सुधार की भी प्रबल पक्षधर थीं। उन्होंने विधवाओं को संपत्ति का अधिकार दिया, सती प्रथा और सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा



महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने का प्रयास किया। यह उस समय की दृष्टि से अत्यंत क्रांतिकारी सोच थी। उन्होंने महिलाओं की एक विशेष सैन्य टुकड़ी भी गठित की। यह इस बात का प्रमाण है कि वे नारी को केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि शक्ति और नेतृत्व की प्रतीक मानती थीं।

महेश्वर को राजधानी बनाकर उन्होंने उसे संस्कृति, कला और उद्योग का केंद्र बनाया। महेश्वरी साड़ियों की परंपरा आज भी उनके दूरदर्शी आर्थिक चिंतन की साक्षी है। उन्होंने स्थानीय उद्योगों को संरक्षण देकर आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत किया। वर्तमान समय में जब ह्लोकल फॉर वोकलह्व और आत्मनिर्भर भारत की चर्चा हो रही है, तब अहिल्याबाई का मॉडल और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। अहिल्याबाई का व्यक्तित्व आध्यात्मिकता और व्यवहारिकता का अद्भुत समन्वय था। वे धर्मनिष्ठ थीं, किंतु कट्टर नहीं। वे परोपकारी थीं, किंतु दिखावे से दूर। वे शक्तिशाली शासक थीं, किंतु विनम्रता उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। उनका जीवन यह सिद्ध करता है कि सत्ता का सर्वोच्च रूप सेवा है। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीए ने उन्हें ह्लदार्शनिक रानीह्व कहा था, जबकि एनी बेसेंट ने उनके शासनकाल को मालवा का ह्लस्वर्ण युगह्व बताया। यह केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक सत्य की स्वीकृति है कि अहिल्याबाई ने भारतीय शासन परंपरा को नैतिक ऊंचाई प्रदान की। अहिल्याबाई शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये।

आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और सांस्कृतिक विघटन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिए प्रकाशस्तंभ की तरह है। वे बताती हैं कि नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना है। राष्ट्र निर्माण केवल बड़े भाषणों से नहीं, बल्कि सेवा, न्याय और संवेदना से होता है। अहिल्याबाई होलकर का कृतित्व बहुआयामी, दूरदर्शी और लोककल्याणकारी था। वे केवल एक सफल शासिका नहीं, बल्कि जनसेवा, सुशासन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और नारी नेतृत्व की अद्वितीय प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने न्यायपूर्ण एवं संवेदनशील शासन व्यवस्था स्थापित कर मालवा को समृद्धि, शांति और विकास के शिखर पर पहुँचाया। कृषि, व्यापार, जलसंधारण, उद्योग एवं जनसुविधाओं को बढ़ावा दिया, किसानों को संरक्षण दिया तथा सामाजिक समरसता को मजबूत किया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण हेतु तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण एवं विकास कराया। नारी सम्मान, विधवा संरक्षण, शिक्षा, लोकसेवा और परोपकार के क्षेत्रों में उनके कार्य अत्यंत प्रेरणास्पद रहे। उनका कृतित्व प्रशासनिक दक्षता, मातृवत संवेदना, धर्मनिष्ठा, साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्रनिर्माण की चेतना का अद्वितीय संगम था।

ह्यतमसो मा ज्योतिर्गमयह्न- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। अहिल्याबाई ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन थे। उनका चिंतन, शासन-व्यवस्था, संस्कृति-प्रेम, संभाषण, आचरण, सृजन, सेवा, परोपकार- ये सब ऐसे खुले वातायन थे, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहा और पूरी मानवजाति को उपकृत किया। अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी शक्ति का वह उज्वल अध्याय हैं, जिसमें साहस है, संवेदना है, संस्कृति है और सृजन है। वे इतिहास की स्मृति भर नहीं, वर्तमान की आवश्यकता और भविष्य की प्रेरणा हैं। उनकी 301वीं जयंती पर उन्हें स्मरण करना तभी सार्थक होगा, जब हम उनके जीवन मूल्योंकृसुशासन, लोककल्याण, नारी सम्मान, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदना को अपने राष्ट्रीय जीवन में पुनः प्रतिष्ठित करें। लोकमाता अहिल्याबाई सचमुच भारतीय संस्कृति की वह अमर ज्योति हैं, जो युगों-युगों तक समाज को प्रकाश देती रहेंगी।

# राहुल गांधी से इतना क्यों डरती है भाजपा और सरकार?

**अनिल जैन**

**पिछले** दिनों पश्चिम एशिया में शुरू हुए युद्ध को लेकर जब राहुल ने भारत में भी ऊर्जा संकट और आर्थिक मंदी की चेतावनी दी, तो भाजपा नेताओं और मीडिया ने उनकी खूब खिल्ली उड़ाई। खुद मोदी ने पांच राज्यों में अपनी चुनावी रैलियों में राहुल की चेतावनी को खारिज करते हुए उन पर लोगों को डराने का आरोप लगाया। मगर चुनाव खत्म होते ही खुद मोदी ने मान लिया कि पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते दुनिया भर में ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है।



वैसे तो भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री अक्सर यह कहते पाए जाते हैं कि वे राहुल गांधी को बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लेते। मगर होता यह है कि राहुल गांधी जब भी भाजपा और उसकी सरकार, खास कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनके उद्योगपति मित्रों को लेकर कोई सवाल उठाते हैं या गंभीर आरोप लगाते हैं अथवा किसी बड़े संकट से सरकार को आगाह करते हैं या फिर चुनावी गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते हैं, तो उनका जवाब देने के लिए भाजपा के तमाम बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री मैदान में उतर जाते हैं। वे राहुल की बातों या उनके आरोपों का कोई तर्कसंगत जवाब देने के बजाय कभी उन्हें पागल, पप्पू, मूर्ख आदि विशेषणों से नवाजते हैं या उन्हें देशद्रोही, कभी चीन और जॉर्ज सोरोस का एजेंट तो कभी आतंकवादी तक करार देने लगते हैं।

भाजपा नेताओं के इस अभियान में उसके प्रचारतंत्र का हिस्सा बन चुके कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया के साथ ही रिटायर हो चुके कुछ पत्रकार और संपादक भी बतौर राजनीतिक विश्लेषक शामिल हो जाते हैं। कुछ मौकों पर सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के रिटायर जजों, पूर्व नौकरशाहों व सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों के समूह को तक भाजपा राहुल के खिलाफ मैदान में उतार देती है। ऐसे सेवानिवृत्त जजों और नौकरशाहों में कुछ तो ऐसे होते हैं, जिन पर उनके सेवाकाल में लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की जांच चल रही होती है और कुछ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि वाले होते हैं। यही नहीं, सोशल मीडिया में भाजपा ईकोसिस्टम भी पूरी सक्रियता से राहुल गांधी के चरित्र हनन में जुट जाता है। बात यहीं नहीं रुकती। राहुल गांधी के बयानों को लेकर उनके खिलाफ भाजपा शासित राज्यों में मुकदमे भी दर्ज करा दिए जाते हैं। किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए संगीन से संगीन अपराध की एफआईआर दर्ज कराना बेहद मुश्किल काम है, लेकिन राहुल के खिलाफ शिकायत चंद मिनटों में दर्ज हो जाती है। इतना ही नहीं, कुछ ही दिनों बाद उस एफआईआर के आधार पर निचली अदालत राहुल को समन भी जारी कर देती है। इस समय राहुल गांधी देश में अकेले ऐसे नेता हैं जिनके खिलाफ 'भावनाएं आहत करने' के करीब 400 मुकदमे देश भर में दर्ज हैं। राहुल के बयानों को लेकर इस बहुआयामी कवायद में भाजपा की बौखलाहट और डर साफ नजर आता है।

नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी के समय राहुल द्वारा दी गई चेतावनियों को लेकर भी भाजपा ने ऐसा ही किया था। पिछले दिनों पश्चिम एशिया में शुरू हुए युद्ध को लेकर जब राहुल ने भारत में भी ऊर्जा संकट और आर्थिक मंदी की चेतावनी दी, तो भाजपा नेताओं और मीडिया ने उनकी खूब खिल्ली उड़ाई। खुद मोदी ने पांच राज्यों में अपनी चुनावी रैलियों में राहुल की चेतावनी को खारिज करते हुए उन पर लोगों को डराने का आरोप लगाया। मगर चुनाव खत्म होते ही खुद मोदी ने मान लिया कि पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते दुनिया भर में ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है, जो समूची अर्थव्यवस्था को गहरे तक प्रभावित कर रहा है। उन्होंने इस सिलसिले में लोगों से पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद तेल, रासायनिक खाद आदि के इस्तेमाल में कटौती करने और कम से कम एक साल तक सोना खरीदने से बचने की अपील भी की। इस समय भी राहुल गांधी अपने एक बयान को लेकर पूरी केंद्र सरकार, भाजपा और मीडिया के निशाने पर हैं। राहुल ने अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक स्तर पर बिगड़ते आर्थिक हालात से भारत भी अछूता नहीं है, जिसके चलते तेजी से बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी से लोगों में सरकार के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसका असर देश की राजनीति पर भी जल्द ही दिखाई देगा।

# नेहरू और पटेल को बैलों की एक जोड़ी के रूप में देखते थे गांधीजी

**एल.एस. हरदेनिया**

**दुगार्दास** दूसरे खंड के अंत में गांधी, पटेल और नेहरू का महत्वपूर्ण शब्दों में मूल्यांकन करते हैं। वे लिखते हैंः 'गांधी ने टार्च जलाई, नेहरू गांधी के टार्चबियरर थे, पटेल ने टार्च को मसाला दिया। गांधी में लोगों को सम्मोहित करने की ताकत थी, नेहरू में जनता को आकर्षित करने की शक्ति थी और पटेल में सभी चीजों को व्यवस्थित करने की अद्भुत क्षमता थी।'



नेहरू और पटेल एक दूसरे के पूरक थे। नेहरू का वैचारिक आधार फेबियन समाजवाद की विचारधारा थी जिसके अनुसार संसदीय लोकतंत्र मानवीय आकांक्षाओं की पूर्ति का सबसे अधिक शक्तिशाली साधन है। वहीं सरदार पटेल मानव मनोविज्ञान के अध्येता थे। उन्होंने उन आधारों को समझने का प्रयास किया था जिनसे ब्रिटिश साम्राज्य को सफलता मिली।'

ये शब्द हैं सुप्रसिद्ध पत्रकार दुगार्दास के जो उन्होंने सरदार पटेल के पत्र व्यवहार के दसवें खंड की भूमिका में लिखे हैं। दुगार्दास ने दस पृथक खण्डों में सरदार पटेल के पत्र व्यवहार को संकलित किया है। इन पुस्तकों से जहां हमें पटेल और नेहरू के मतभेदों के बारे में जानकारी मिलती है वहीं यह तथ्य भी उजागर होता है कि तमाम मतभेदों के बावजूद दोनों के बीच पारस्परिक स्नेह और सम्मान का धागा कितना मजबूत था।

पत्र व्यवहार के दसवें खंड में सरदार पटेल की पुत्री मनीबेन पटेल ने सरदार पटेल और नेहरू के बारे में महात्मा गांधी की धारणा को उद्धृत किया है। मनीबेन लिखती हैं 'गांधीजी पटेल और नेहरू को बैलों की जोड़ी कहते थे। इन दोनों बैलों की जोड़ी ही राष्ट्र के भार को खींचती थी।'

दुगार्दास सरदार पटेल के इंदौर में दिए गए एक भाषण का उल्लेख करते हैं। इंदौर में वर्ष 1950 में एक सभा को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा था 'कांग्रेस अपनी पूरी ताकत से नेहरू के साथ है।'

नेहरूजी को संबोधित एक पत्र में पटेल, गांधी की सलाह का उल्लेख करते हैं। गांधी ने सलाह दी थी कि दोनों (नेहरू और पटेल) को राष्ट्रहित की खातिर मिलकर चलना है। यदि ऐसा नहीं होता है तो यह देश के लिए खतरनाक होगा।

पटेल नेहरु को लिखते हैं, 'मैंने बापू के इस अंतिम परामर्श पर पूरी मुस्तैदी से अमल किया है। इस परामर्श के अनुसार मैंने आपका पूरी मजबूती से साथ दिया है। यद्यपि इसके बावजूद मैं आपको समय-समय पर अपने विचारों से बिना किसी हिचक के अवगत कराता रहा हूं। मैं पूरी तरह से आपके प्रति वफादार रहा हूं। अनेक अवसरों पर हमारे बीच मतभेद हुए हैं। कभी-कभी इन मतभेदों ने गंभीर रूप भी लिया है। इसके बावजूद हमने राष्ट्र के हित में नीति निर्धारण की प्रक्रिया में इन मतभेदों को रोड़ा नहीं बनने दिया है।' इस बीच पटेल की तबियत खराब हो गई। पटेल बंबई चले गए। नेहरू ने उन्हें पत्र लिखकर कहा कि वे पूरी तरह से अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। वे उन समस्याओं को पूरी तरह से भूल जाएं।

## चार साल से टूटी नाली बनी मुसीबत, गंदगी और खतरे के बीच स्कूल जाने को मजबूर बच्चे

**सुलतानपुर विकासखंड** दूबेपुर की ग्राम सभा हसनपुर में बीते लगभग चार वर्षों से टूटी पड़ी नाली ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। हालात इतने खराब हैं कि प्राथमिक विद्यालय हसनपुर के सैकड़ों बच्चे रोजाना उसी रास्ते से होकर गुजरने को मजबूर हैं, जहां नाली का गंदा पानी और फैला कचरा दुर्घटनाओं को खुला न्योता दे रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की शिकायत कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव मनोज कुमार पाण्डेय से की गई,



लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव फोन तक उठाना जरूरी नहीं समझते, जबकि कई ग्रामीणों ने आज तक अपने ग्राम विकास अधिकारी का चेहरा तक नहीं देखा।नाली जाम और टूटी होने के कारण बरसात में पानी लोगों के घरों तक पहुंच जाता है।

वहीं सफाई के नाम पर निकाला गया कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया जाता है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों के फिसलकर घायल होने का खतरा बना रहता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल नाली निर्माण और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

## विधायक विनोद सिंह ने अनुसूचित जाति के किसानों को वितरित किए कृषि सामग्री एवं उपकरण

**सुल्तानपुर विधायक** एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने आज एक कार्यक्रम के तहत अनुसूचित समाज से जुड़े दर्जनों लोगों को कृषि सामग्री एवं उपकरण वितरित किया। इस दौरान किसानों ने उनका आभार व्यक्त किया।दरअसल कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आज भाकृ-अनुप भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत अनुसूचित समाज से जुड़े दर्जनों किसानों को सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री



विनोद सिंह द्वारा कृषि सामग्री एवं उपकरण वितरित किए गए। कृषि सामग्री एवं उपकरण पाने के बाद पात्र लाभार्थी बेहद खुश नजर आ रहे थे और उन्होंने विधायक विनोद सिंह का आभार व्यक्त किया। वहीं विनोद सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म जाति के लिए कार्य कर रही है।

## ननद ने भाभी पर दर्ज कराया हत्या का मुकदमा, सास हत्या में बहू गिरफ्तार

**सुलतानपुर। धम्मौर** थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में सास की हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित बहू को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतका की बेटी की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वादिनी ने आरोप लगाया था कि उसकी मां कुसुमा (55 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय राम मिलन निवासी राजापुर थाना धम्मौर के साथ उसकी बहू ने 27 मई 2026 को मारपीट की थी, जिससे गंभीर चोटें आईं और उनकी मृत्यु हो गई। मामले में थाना धम्मौर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।शनिवार को धम्मौर



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित महिला अभियुक्ता को निगोलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की गई।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक विपेन्द्र कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, आरक्षी धीरज पाण्डेय तथा महिला आरक्षी वैष्णवी राव शामिल रहीं।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना के तहत शुरू हुआ चार बसों का संचालन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक डिपो राकेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना के अन्तर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जनपद में चार बसों का शुभारम्भ शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस स्टेशन (बेड़ीपुलिया) चित्रकूट डिपो से किया गया।



जिसमें मार्गों का विवरण चित्रकूट, पहाड़ी, सेमरवार, गनीवा, प्रसिद्धपुर, राजापुर, कनकोटा बागर, भदेहदू बांगर, खोपाबागर, नैनी बागर, चिल्लीमल बागर, की दूरी (82 किमी.) है चलाया जाएगा। इसके साथ ही चित्रकूट मडैय़न, रूकमा बुजुर्ग, ददरी माफी, खरोध, सरैंया, मानिकपुर, बराह माफी, टिकरिया, जमुनिहाई, मनगवा, इटवा डुडैंला की दूरी (102 किमी.) है चलाया गया। इसके अलावा चित्रकूट से पहाड़ी, कुचारम चैरा, ममसी बुजुर्ग, गडौली, वीरधुमाई सुर्की, चिल्लीमल बांगर (दूरी 56 किमी.) तक चलाया जाएगा। इसके साथ ही कोटाकदैला, बितासा रिबर, चुरेह-केसरूआ, मानिकपुर, सरैंया, हनुआ, बराछी, बाँधी, मऊ मुस्तकिल (दूरी 71 किमी.) तक चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना का उद्देश्य ग्रामीण एव दूरस्थ क्षेत्रों के यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ एवं नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सके। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के माध्यम से संचालित यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष, मऊ-मानिकपुर विधायक के प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पी.टी.ओ. तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक चित्रकूटधाम क्षेत्र बाँदा एवं समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एव मीडिया की कार्यक्रम में सहभागिता सहित गरिमामयी उपस्थिति रही।

## फर्जीवाड़ा से दोहन किए 3 लाख 90 हजार 870 रुपये कराए गए वापस

**चित्रकूट।** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध पीड़ितों को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पीयूष कान्त राय के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी, निरीक्षक विनोद कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास करते हुए। 17 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के कुल तीन लाख 90 हजार 870 रुपये अथक परिश्रम कर उनके खातों में वापस कराये गए हैं।

उल्लेखनीय है साइबर अपराध में पीड़ित 17 व्यक्तियों के साथ फर्जी शेयर निवेश एपीके फाइल से फ्राड, जॉब फ्राड के नाम पर ठगी की गयी थी। जिसको लेकर साइबर सेल चित्रकूट में शिकायत की गयी थी। साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा अथक प्रयास करके कुल 17 पीडितों का तीन लाख 90 हजार 870 रुपया वापस कराया गया।

आमजनमानस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए सूचित किया गया, कि वर्तमान समय में साइबर अपराधियों द्वारा विभिन्न टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से कई प्रकार से ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे प्रयासों के बचने के लिए जिसमें प्रशासन द्वारा सुझाव दिए गए, जिसमें फोन पर कभी भी किसी प्रकार के लुभावने ऑफर प्राप्त होने पर आप कभी किसी को अपने बैंक, खाता, एटीएम नंबर, ओटीपी सम्बन्धी जानकारी शेयर न करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर फोन पर पैसे प्राप्त करनें के लिये यूपीआई पिन न डालें। यूपीआई पिन हमेशा पैसे भेजने के लिए प्रयोग होता है न कि प्राप्त करनें के लिए। किसी भी अनजान लिंक व वेबसाइट को ओपन करने पर आपकी पर्सनल जानकारी फ्राडर तक साझा हो जाती है, इससे बचें। अज्ञात कॉलर द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओ व कालोनी स्वीकृत किए जाने के नाम पर भी पैसों की मांग करने पर पैसे न भेजें एवं तत्काल नजदीकी थाने पर शिकायत करें।

## न्यूज झरोखा

### क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौर को पुलिस विभाग ने दी भावभीनी विदाई



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय बांदा में शनिवार को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह गौर के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने उनके उत्कृष्ट कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके सुखद व दीघार्यु जीवन की कामना की। मूल रूप से जनपद कानपुर देहात के निवासी राजवीर सिंह गौर वर्ष 1984 में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में सम्मिलित हुए थे। अपने 42 वर्षों के लंबे और गौरवशाली सेवाकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी संभाली। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री पलाश बंसल ने गौर के कर्तव्यों के प्रति समर्पण और निष्ठा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 42 वर्षों तक बेदाग और शानदार सेवा देना पूरे पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायक है।इस भावभीनी विदाई समारोह में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक बांदा सहित पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त हुए क्षेत्राधिकारी को फूल–मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### तंबाकू सेवन से होने वाली हानियों के प्रति करेंगे जागरुक

**चित्रकूट।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई को तंबाकू एवं निकोटीन उद्योग द्वारा अपनाई जा रही उन भ्रामक विपणन रणनीतियों को उजागर करती हैं, जिनके माध्यम से विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं को नशे की लत की ओर आकर्षित किया जाता है। तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों का सेवन नपुंसकता, कैंसर, हृदय एवं श्वसन रोग, क्षय रोग (टीबी) तथा अन्य गैर–संचारी रोगों के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है। जनपद के समस्त नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील करताँ की गई कि वे सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, ई–सिगरेट तथा अन्य निकोटीन उत्पादों के कृत्रिम आकर्षण से दूर रहें एवं स्वस्थ्य, अनुशासित और उत्पादक जीवनशैली को अपनाएँ। साथ ही अभिभावकों, शिक्षकों, होटल, रेस्टोरेंट संचालकों एवं सार्वजनिक स्थलों के प्रबंधकों से अपेक्षा की जाती गई, कि वे बच्चों एवं युवाओं को तंबाकू एवं ई–सिगरेट जैसे उत्पादों से दूर रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँ तथा किसी भी सार्वजनिक स्थान, पार्क, शिक्षण संस्थान, कार्यालय अथवा भोजनालय परिसर में धूम्रपान को प्रोत्साहित न होने दें। सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान, 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री, शिक्षण संस्थानों के 500 गज के दायरे में तंबाकू विक्रय के अवैध भंडारण, विक्रय एवं उपयोग एवं ई–सिगरेट एक्ट 2019 के तहत किए गए प्रावधानों के विरुद्ध हैं।

# तीन दिन से गुल है बिजली, कुओं से पानी भरने को मजबूर ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पाठा के मानिकपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत दादरी माफी के मजरा छीतूपुर में बीते तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तेज आंधी और तूफान के कारण क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके चलते पूरे इलाके की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो गई है। बिजली न होने से गांव में पेयजल संकट गहरा गया है और ग्रामीणों को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए पुराने कुओं का सहारा लेना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि तीन दिन पूर्व आई तेज आंधी में पाठा क्षेत्र के कई गांवों में बिजली के तार टूट गए तथा खंभे गिर गए थे। इसके बाद से अब तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। बिजली विभाग की ओर से मरम्मत कार्य किया जा रहा है, लेकिन गांवों में अब तक रोशनी नहीं पहुंच पाई है। सबसे अधिक परेशानी पेयजल को लेकर हो रही है, क्योंकि अधिकांश घरों में पानी की व्यवस्था बिजली से चलने वाली मोटरों और पंपों पर निर्भर है।



बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों को गांव के पुराने कुओं से पानी निकालकर घर ले जाना पड़ रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी पानी भरने के लिए घंटों मशक्कत कर रहे हैं। सुबह और शाम के समय कुओं पर लोगों की भीड़ लग रही है। कई परिवारों को पीने के पानी के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पानी जुटाने में कठिनाई हो रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच बिजली न होने से पेयजल संकट और भी गंभीर हो गया है। मोबाइल फोन चार्ज करने, पंखे और कूलर चलाने तथा अन्य घरेलू कार्यों में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय अंधेरा छा जाने से लोगों को असुरक्षा का भी एहसास हो रहा है।

गांव के लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने विभाग से क्षतिग्रस्त तारों और खंभों की मरम्मत कर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो पेयजल संकट और गहरा सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए युद्धस्तर पर कार्य कर जल्द राहत प्रदान की जाए, ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े।

## फसल अवशेष, बागवानी अपशिष्ट एवं गोबर से तैयार होगी जैविक खाद : उत्तम त्रिपाठी

**चित्रकूट।** जनपद के मानिकपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बगरेही में भावना स्वयं सहायता समूह द्वारा बागवानी आधारित कृषि अपशिष्ट प्रबंधन के तहत वर्मी कम्पोस्ट इकाई की स्थापना की गई है। यह इकाई स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के कृषि विज्ञान केंद्र, गनीवां के तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित की गई है। इस महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत बागवानी अपशिष्ट, फसल अवशेष एवं गोबर का वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से उपयोग कर उच्च गुणवत्ता की वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार की जाएगी। यह प्रक्रिया न केवल कृषि अपशिष्टों के समुचित निस्तारण को सुनिश्चित करेगी, बल्कि किसानों को किफायती दर पर जैविक खाद की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगी।



परियोजना प्रभारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र, चित्रकूट के वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह इकाई ग्रामीण स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन का एक उत्कृष्ट मॉडल है, जो स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उपयोग वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में करने से पर्यावरण प्रदूषण में कमी आएगी तथा मृदा स्वास्थ्य में सुधार होगा। साथ ही गोबर के उपयोग से जैविक खाद की गुणवत्ता में वृद्धि होती है, जो प्राकृतिक खेती के लिए अत्यंत उपयोगी है।

कृषि विज्ञान केंद्र, गनीवां के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा. राजेन्द्र सिंह नेगी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना स्वच्छता, सतत कृषि एवं महिला सशक्तिकरण को एक साथ जोड़ने का एक सफल प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की इकाइयां न केवल किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने में मदद करेंगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाएंगी।

भावना स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस इकाई के माध्यम से उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। वे वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन को एक स्थायी उद्यम के रूप में विकसित कर अपनी आय में वृद्धि करेंगी तथा अन्य किसानों को भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

यह पहल क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में इस मॉडल को अन्य गांवों में भी विस्तार देने की योजना है, जिससे अधिक से अधिक किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों को लाभान्वित किया जा सके। स्वयं सहायता समूह के सदस्य दुजिया देवी, सरला देवी, मीरा देवी, सुनता देवी, संगीता देवी, सुमित्रा देवी, शकुंतला अंजली देवी, सविता देवी, साधना देवी, माया देवी मौजूद रहीं।

## निष्पक्ष पत्रकारिता के जरिए लोकतंत्र को मजबूत करने पर दिया गया जोर

**चित्रकूट।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न पत्रकार संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर पत्रकारिता के मूल्यों, निष्पक्षता और जनसरोकारों पर चर्चा की गई। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया तथा पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित गोष्ठी में चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मौजूदा दौर में पत्रकारिता का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। डिजिटल युग में जल्दबाजी में समाचार संकलन का कार्य बेहद सावधानीपूर्वक होना चाहिए। जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके और समस्याग्रस्त व्यक्ति की बात उचित मंच तक पहुंच सके।

इसके अलावा नगर पालिका सभागार में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (एनयूजे) उत्तर प्रदेश की चित्रकूट इकाई की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव और नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में तीन दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनहित एवं समाज सेवा में योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार शंकर प्रसाद यादव को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पत्रकारिता जनसेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता के जरिए जिले के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चैथे स्तंभ हैं और उनकी सक्रियता से आमजन की समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचती हैं।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की ओर से पहाड़ी कस्बा स्थित कार्यालय में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश मुख्य महासचिव राजकुमार याज्ञिक रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राजकुमार याज्ञिक ने कहा कि 30 मई 1826 को पंडित युगल किशोर शुक्ल द्वारा कोलकाता से प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन शुरू किया गया था, जिसकी स्मृति में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को बिना किसी पक्षपात के जनहित और समाजहित में कार्य करना चाहिए। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा और शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

कार्यक्रमों में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, सोशल एवं डिजिटल मीडिया की चुनौतियों तथा पत्रकारिता के मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अरुण तिवारी, बीपी पटेल, पुष्पराज कश्यप, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार, अंकित जायसवाल, जिलाध्यक्ष शिवमूरत द्विवेदी, विराग पांडेय सहित अन्य पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**बांदा।** जनपद के चिल्ला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पपरेंदा और अतरहट गांव के बीच एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक अपने पिता की आंख का इलाज कराकर लौट रहा था। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार, पैलानी थाना क्षेत्र के पिपरहरी गांव निवासी धर्मवीर 37 वर्ष अपने बुजुर्ग पिता अर्जुन को आंख का इलाज कराने के लिए चित्रकूट ले गया था। शाम को इलाज कराकर वापस लौटने के बाद, धर्मवीर ने अपने पिता को बांदा रोडवेज बस स्टैंड से गांव जाने वाली बस में सुरक्षित बैठा दिया। इसके बाद वह खुद अपनी बाइक से गांव के लिए रवाना हुआ। देर रात जब धर्मवीर चिल्ला थाना क्षेत्र में पपरेंदा और अतरहट गांव के बीच पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धर्मवीर हवा में उछलकर सीधे ट्रक के बोनट से टकराया और फिर सड़क पर जा गिरा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया और शव को जिला अस्पताल के शवगृह भिजवाया। पुलिस ने कानूनी पंचनामा भरने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के घर में इस समय मातम पसरा हुआ है और माता-पिता व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चिल्ला थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी और ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

### आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के चार एनसीसी कैडेट्स का भारतीय सेना में चयन

**बांदा।** जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज बांदा की एनसीसी इकाई ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। कॉलेज के चार होनहार एनसीसी कैडेट्स का एक साथ भारतीय सेना में श्अग्निवीरश के पद पर चयन हुआ है। कैडेट्स की इस शानदार सफलता से पूरे विद्यालय परिवार और जनपद में हर्ष का माहौल है। भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश सेवा का गौरव हासिल करने वाले कैडेट्स आलोक यादव,रामजी यादव,अमित यादव,महेंद्र राजपूत है। ये सभी कैडेट्स बेहद साधारण परिवार और ग्रामीण परिवेश से ताल्लुक रखते हैं। अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर इन्होंने यह मुकाम हासिल किया है, जिससे उनके परिवारों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। कैडेट्स की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडे तथा पूर्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसाद ने गहरी खुशी जाहिर की है। उन्होंने सभी चयनित अग्निवीरों को मिठाई खिलाकर और बधाई देते हुए कहा, ष्ये चारों कैडेट्स शुरू से ही अत्यंत परिश्रमी और अनुशासित रहे हैं।

# बांदा में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन सख्त

### 34 वाहनों पर कार्रवाई, लाखों का जुर्माना वसूला

**अखंड भारत संदेश**

**बांदा।** जिला अधिकारी के निर्देश पर जिले में अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ गठित टास्क फोर्स ने 29 मई को विभिन्न इलाकों में औचक चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं और अवैध परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया। टीम ने जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 34 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की और लाखों रुपये का शमन शुल्क वसूला।

टास्क फोर्स के सदस्यों ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर उपखनिजों (बालू, गिट्टी आदि) से लोड लगभग 1,120 वाहनों को रोककर उनकी सघन जांच की। जांच के दौरान 15 वाहन ऐसे पाए गए जो या तो बिना वैध परिवहन प्रपत्र के चल रहे थे या फिर उनमें तय मात्रा से अधिक उपखनिज लोड था। 05 वाहनों को तुरंत जब्त कर संबंधित थानों की सुपुर्दगी में दे दिया गया। 10 वाहनों का मौके पर ही ऑनलाइन चालान काटा गया। इन सभी वाहनों से कुल 6.40 लाख रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।

चेकिंग के दौरान टास्क फोर्स को 19 ऐसे वाहन भी मिले जिन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। बिना नंबर के सड़कों पर दौड़ रहे इन वाहनों पर भी सख्त एक्शन लिया गया।16 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया।03 वाहनों को जब्त कर स्थानीय थाने के हवाले किया गया।वाहनों से 1,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

### नरैनी के पनगरा में दो खनन पट्टों का औचक निरीक्षण

**बांदा।** सड़कों पर वाहनों की धरपकड़ करने के साथ–साथ टास्क फोर्स ने सीधे खनन स्थलों पर भी दस्तक दी। टीम ने नरैनी तहसील के ग्राम पनगरा में संचालित उपखनिज गिट्टी और पत्थर के 02 खनन पट्टों क्रेशर एवं खदान का औचक निरीक्षण किया। टीम ने वहां मौजूद अभिलेखों और खनन की स्थिति को जांचा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पट्टा धारक तय नियमों के दायरे में रहकर ही काम कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि जिले में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना नंबर के वाहनों का संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने में पत्रकारिता की अहम भूमिका

### ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार होते हैं सजग : मंत्री राकेश सचान

**बांदा।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में शनिवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बांदा इकाई द्वारा शहर के एक मैरिज हॉल में भव्य पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बुंदेलखंड मंडल समेत आसपास के कई जनपदों और राज्यों से आए पत्रकारों का जमावड़ा रहा, जिन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पत्रकार बेहद सजग भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। मैंने पत्रकारों के संघर्ष और चुनौतियों को बहुत करीब से देखा है। उनके हितों के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। लोकतंत्र को मजबूत और जीवंत बनाए रखने में पत्रकारिता की भूमिका अतुलनीय है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने देश के अधिकांश हिस्सों का भ्रमण किया है। उन्होंने घोषणा की कि वह पुनः पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय होकर पत्रकारों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की पीड़ा और दैनिक चुनौतियों को उन्होंने बेहद नजदीक से महसूस किया है।समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता की शुरूआत वर्ष 1826 में प्रकाशित प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तंड से हुई थी। दो शताब्दियों की इस विकास यात्रा में पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने, कुरीतियों पर प्रहार करने और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस भव्य समारोह में बांदा के अलावा हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, फतेहपुर और मध्य प्रदेश के छतरपुर सहित दो दर्जन से अधिक जिलों के लगभग 500 से अधिक पत्रकारों ने सहभागिता की। ग्रापए के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त, मंडल अध्यक्ष युनुस खान, दिल्ली उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, महोबा जिला अध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया, फतेहपुर जिला अध्यक्ष कुमुद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कछवाह, सचिन चतुवेर्दी, और सुनील सक्सेना सहित विभिन्न तहसीलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।सफल संचालन व आभाररू कार्यक्रम का कुशल संचालन संपादक बेअंत सिंह एवं अतर्रा तहसील अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ने किया। अंत में जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री शिवम सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों एवं पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया।

# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लाखो की चोरी का आरोप

**बांदा।** शहर के कोतवाली नगर अंतर्गत बाबा तालाब इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। शादी समारोह में गए एक परिवार के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात और माल पार कर दिया। घटना के लगभग 25 दिन बीत जाने के बाद भी चोरी गए सामान की बरामदगी न होने से क्षुब्ध पीड़ित ने आज पुलिस अधीक्षक बांदा को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले का पूर्ण खुलासा करने और माल बरामद कराने की गुहार लगाई है।



बाबा तालाब थाना कोतवाली नगर, बांदा के मूल निवासी पीड़ित जगदीश सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय जागेश्वर सिंह यादव ने बताया कि गत 5 मई 2026 को रात करीब 10 बजे वह अपने पूरे परिवार के साथ सगी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए श्रीराम पैलेस शुकुल कुंआ गए हुए थे। रात करीब 11.29 बजे उन्होंने अपने छोटे बेटे उदय और भतीजे संदीप को किसी काम से घर भेजा। दोनों जब घर पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कमरों के ताले और अलमारी टूटी पड़ी थी और अज्ञात चोर सारा कीमती सामान समेट ले गए थे।

पीड़ित द्वारा तत्काल कोतवाली नगर पुलिस और डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना के करीब एक घंटे बाद मण्डी समिति पुलिस चौकी के दरोगा श्री प्रीत पाण्डे पुलिस बल और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने इस मामले में सरकार बनाम अज्ञात चोर के के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पीड़ित जगदीश सिंह यादव ने एसपी को सौंपे पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि घटना से ठीक 15 दिन पहले उनके घर में पवन सिंह और अनिल वर्मा उर्फ भैरम निवासी बाबा तालाब पुताई का काम कर रहे थे। इन दोनों को घर के अंदर और बाहर की पूरी जानकारी थी।

पीड़ित का आरोप है कि 25 मई 2026 को पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर चोर पवन यादव उर्फ जग्गा को गिरफ्तार किया था, जिसने चोरी के सोने के झुमके 10 मई को सब्जी मण्डी स्थित श्याम ज्वैलर्स को बेचे थे और 13 मई को वह दोबारा वहां जेवर बेचने गया था। प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस पूरी साजिश में शामिल एक अन्य शातिर चोर मोहित यादव उर्फ होटल पुत्र रामेश्वर को मण्डी समिति पुलिस चौकी की पुलिस ने हिरासत में लिया था। लेकिन दिनभर बैठाए रखने के बाद शाम को उसे बिना किसी ठोस कार्रवाई के छोड़ दिया गया। पीड़ित का कहना है कि घटना के समय उनके घर के आस-पास कौन-कौन से मोबाइल नंबर सक्रिय थे, इसकी भी सही जानकारी पुलिस द्वारा नहीं दी जा रही है।पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की गहनता से जांच कराई जाए और पकड़े गए आरोपियों व संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ कर उनके घर से चोरी हुआ पूरा सामान बरामद कराया जाए।

# मौज से ट्रक में जा रहे थे पाक सैनिक तभी हुआ धमाका, उड़े चिथड़े, दहला इस्लामाबाद

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** पर एक साथ कई दिशाओं से हमले हुए हैं। पाकिस्तान में बॉर्डर से लेकर गली मोहल्लों तक इस वक्त दहशत फैली हुई है। भयंकर तबाही देखकर पाकिस्तान इस वक्त पागल हो चुका है। पाकिस्तान अब अपनी ही करतूतों की सजा भुगत रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में पाकिस्तान की बबार्दी साफ नजर आ रही है। एक तरफ बलूच फ्रीडम फाइटर्स ने पाकिस्तान पर एक बार फिर ऐसा हमला कर दिया है। ट्रेन के बाद अब बलूचों ने पाक सेना से भरे ट्रक को उड़ा दिया है। धमाका इतना भयानक था कि मौके पर ही लाशें बिछ गई। और सबसे बड़ी बात कल चीन ने पीओके का नाम लिया था। आज वहीं पर पाक सैनिकों की लाशें गिरी पड़ी हैं। वहीं दूसरी तरफ जिस आतंकी को पाकिस्तान ने सालों तक पाला पोसा वही अब पाकिस्तान को मिटाने की धमकी दे रहा है और वो भी खुलेआम और यह धमकी दी है लश्कर कमांडर सैफुल्ला कसूरी ने। दरअसल असली खेल शुरू हो चुका है पाकिस्तान के अंदर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन के दौरे पर गए थे। जहां शी जिनपिंग ने पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाते हुए फिर से कश्मीर और पीओके का मुद्दा उठाया। चीन और पाकिस्तान सीपीईसी प्रोजेक्ट के नाम पर भारत के बॉर्डर और विवादित इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहे थे। चीन और पाकिस्तान दोनों देशों ने मिलकर भारत को घेरने का सपना तो देख लिया लेकिन बीजिंग से बयान जारी होने के 24 घंटे भी पूरे नहीं हुए थे कि बलूचिस्तान में एक ऐसा धमाका हुआ जिसने पूरी पाकिस्तानी सेना को हिला कर रख दियो मस्तुंग इलाके में पाकिस्तानी सेना का एक बड़ा काफिला गुजर रहा था और उसी वक्त बलूच लड़ाकों ने घात लगाकर हमला कर दियो बेहद खतरनाक प्लानिंग के साथ लगाए गए आईडी ब्लास्ट ने सेना के ट्रक को हवा में ही उड़ा दियो धमाका इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही कई सैनिकों के चीथड़े उड़ गए। पूरा इलाका लाशों से भर गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक कम से कम आठ जवान मौके पर ही ढेर हो गए। यानी कल तक जो पाकिस्तान और चीन पीओके पर राजनीति कर रहे थे। आज



उसी इलाके में पाक सैनिकों की लाशें बिछ गई हैं। लेकिन उसके बाद जो हुआ उसने मुनीर को हिला कर रख दिया। बलूच लड़ा के लगातार पाकिस्तान और सीपीसी प्रोजेक्ट्स को निशाना बना रहे हैं। उनका यह आरोप है कि पाकिस्तान उनकी जमीन गैस और संसाधनों को चीन के हवाले कर रहा है और यही वजह है कि अब बलूचिस्तान खुलकर पाकिस्तान के खिलाफ मोर्चा खोल बैठा है और सिरदर्द भी बन चुका है। सबसे बड़ा झटका असीम मुनीर को इस वक्त लगा है क्योंकि पाक सेना प्रमुख लगातार बड़ी-बड़ी ढींगे हाक रहे थे कि बलूचिस्तान पूरी तरह से कंट्रोल में है। लेकिन इस हमले ने सभी दावों को धराशाई कर दिया, धज्जा उड़ा दी। अब हालात ऐसे हैं कि बलूच लड़ाके सीधे पाक सेना के काफिलों को उड़ा रहे हैं और पाकिस्तान कुछ भी नहीं कर पा रहा है। लेकिन पाकिस्तान की मुश्किलें बता दें कि यहीं खत्म नहीं होती।

लश्कर तोयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्ला कसूरी। वही कसूर जिसे पाकिस्तान ने सालों तक पाला, इस्तेमाल किया, दुनिया के खिलाफ खड़ा किया। आज वही पाकिस्तान को धमका रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कसूरी खुलेआम धमकी देता हुआ नजर आ रहा है।

उसने यह कहा है कि अगर पाकिस्तान ने इजराइल को मान्यता दी या अब्राहम कॉड में शामिल हुआ तो पाकिस्तान पूरी तरह से तबाह हो जाएगा। उसने यह कहा कि जो इजराइल को कबूल करेगा वो बर्बाद हो जाएगा। दरअसल आपको बता दें कि अमेरिका लगातार पाकिस्तान पर यह दबाव बना रहा है कि वो इजराइल के साथ अपने रिश्ते सामान्य करें। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह फैसला गले की हड्डी बन चुका है।

# लद्दाख में चीन बॉर्डर के पास भारत ने खोदा 1 किलोमीटर गहरा गड्ढा, अंदर क्या निकला?

**चीन**

**1950** के आसपास चीन ने लद्दाख के अक्सई चिन्ह इलाके में एक सड़क बनाने से शुरूआत की थी और धीरे-धीरे भारत के करीब 42,000 किमी हिस्से पर कब्जा कर लिया। उस समय के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि वो तो बंजर इलाका है। वहां घास का एक तिनका तक नहीं उगता। लेकिन अब भारत ने इसी लद्दाख में दो होश उड़ा देने वाले चमत्कार कर दिखाए हैं। जवाहरलाल नेहरू ने लद्दाख की जिस जमीन को बंजर कहा था, अब उसी जमीन के 800 किमी इलाके में घास उगाई जा रही है। इसी के साथ लद्दाख के जिस इलाके में तापमान -25 तक पहुंच जाता है, उसी इलाके की जमीन में 1000 मीटर यानी करीब 1 किमी गहरा गड्ढा खोदा गया है।

इस गड्ढे से जो निकला है उसे देखकर होश उड़ जाएंगे। भारत की सरकारी कंपनी ओएनजीसी ने लद्दाख की पुगा घाटी में 1000 मीटर की गहराई पर एक जियोथर्मल



कुआं यानी भूतापीय कुआं सफलतापूक ड्रिल कर लिया है। 4400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इस बफीर्ले इलाके में भारत ने खुदाई करके जमीन के गर्भ से उबलता हुआ पानी और भाप निकाल ली है। अब जमीन की गहराई में पैदा होने वाली इस भाप से जिओथर्मल पावर प्लांट बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। यह एक बहुत बड़ी सफलता है। वह भी चीनी बॉर्डर के पास। हम आपको बता दें कि यह भारत का सबसे गहरा जियोथर्मल कुआं है और इसी के साथ भारत का पहला जियोथर्मल पावर प्लांट बनने जा रहा है। जियोथर्मल प्लांट बिजली बनाने के लिए धरती की गहराई में पैदा होने वाली कुदरती गर्मी का इस्तेमाल करता है। इसमें जमीन के नीचे से निकलने वाली सीधी भाप का उपयोग टरबाइन चलाने के लिए किया जाता है। जिससे लगातार बिजली बनती रहती है। आपको बता दें कि पृथ्वी की गहराई में मौजूद गर्म चट्टाने और मैग्मा पानी को उबालकर भाप में बदलते रहते हैं और अब इसी भाप को प्रेशर के साथ लद्दाख की जमीन के गर्भ से निकालकर बिजली पैदा करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। वैज्ञानिक इन गर्म जल भंडारों तक पहुंचने के लिए जमीन में गहरे कुएं खोदते हैं। ऐसा ही कुआं सफलता पूर्वक लद्दाख में खोद लिया गया।

# भारत दुनिया का नया बॉस, मोदी के स्वागत को ऑस्ट्रेलिया तैयार, संसद में अल्बनीज ने किया बड़ा ऐलान

**ऑस्ट्रेलिया**

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया की दोस्ती उसी मुकाम पर खड़ी है। कैनबरा की संसद में जब ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने भाषण देना शुरू किया तो वह केवल दो देशों की बात नहीं कर रहे थे बल्कि वह एक नई विश्व व्यवस्था का खांका खींच रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत वो शक्ति है जो इस दशक में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। यह शब्द सिर्फ कूटनीति नहीं है। यह उस ड्रैगन की हार की कहानी है जिसने कभी प्रशांत महासागर को अपनी जागीर समझा था। यह उस भारत की हुंकार है जो अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर खड़ा है। कैनबरा की संसद में एंथनी अल्बनीज का संबोधन दरअसल भारत के लिए एक प्रशस्ति प्रमाण पत्र था।

उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन यह जनसंख्या बोझ नहीं बल्कि वो इंजन है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार दे रहा है। अलवरीज ने साफ कर दिया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की दोस्ती अब सिर्फ क्रिकेट और करी तक सीमित नहीं है बल्कि यह सुरक्षा और समृद्धि का एक अटूट संगम बन चुका है। जब कोई देश दूसरे देश की प्रगति को अपने लिए अवसर बताता है तो समझ जाइए कि रणनीतिक भरोसा अपने चरम पर है।

ऑस्ट्रेलिया अब मान चुका है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में बिना भारत के कोई भी पत्ता नहीं हिल सकता है। प्राइम मिनिस्टर इज द बॉस। इस



कहानी का सबसे भावुक और दिलचस्प पहलू है एंथनी एल्बनीज का भारत से व्यक्तिगत रिश्ता संबंध। 1991 में जब भारत आर्थिक संकट से जूझ रहा था तब एक विदेशी युवक कंधे पर बैक टांगे भारत की गलियों में घूम रहा था। वो युवक आज ऑस्ट्रेलिया का प्रधानमंत्री है। उन्होंने ट्रेन के डिब्बे में बैठकर उस भारत को देखा था जिसे दुनिया गरीबों का देश कहती थी। आज जब वे मोदी का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं तो वह एक डिजिटल सुपर पावर और ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब को देख रहे हैं। यही वजह है दोस्तों कि अल्बनीज और मोदी की केमिस्ट्री किसी भी अन्य वैश्विक नेता से कहीं अधिक और असली दिखाई देती है। बता दें बीजिंग की दीवारों के पीछे आज सन्नाटा है। क्यों? क्योंकि भारत और ऑस्ट्रेलिया ने मिलकर चीन के विस्तारवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी कर ली है। हाल ही में दिल्ली में हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक ने एक ऐसा ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया जिसने ड्रैगन की नींद उड़ा कर रखी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो, भारत के एस जयशंकर और ऑस्ट्रेलिया की पेनी वोंग इन तीनों ने मिलकर मैरिटाइम सर्विलांस और फ्यूल सिक्योरिटी का जो जाल बुना है उसमें अब चीन का बचना नामुमकिन सा है। अब समंदर की लहरों पर किसी एक की दादागिरी नहीं चलने वाली है। बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का वहां पर अब राज होगा। देखिए दोस्तों, दोस्ती अपनी जगह है लेकिन व्यापार ही रिश्तों की असली बुनियाद है। भारत को साल 2030 तक अपनी सड़कों पर करोड़ों इलेक्ट्रिक गाड़ियां उतारनी है और इसके लिए चाहिए भारत को लिथियम यानी कि सफेद सोना।

दुनिया का सबसे बड़ा लिथियम भंडार किसके पास है? जवाब है ऑस्ट्रेलिया।ऑस्ट्रेलिया के पास है। साल 2022 का आर्थिक समझौता यानी कि ईसीटीए अब एक ऐसी ऊंचाई पर पहुंच चुका है जहां ऑस्ट्रेलिया का कच्चा माल और भारत की तकनीक मिलकर दुनिया की नई सप्लाई चेन बनने जा रही हैं। और यह चीन की आर्थिक बादशाहत पर भारत और ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा हमला है।

# ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई का संसद को फरमान



**ईरान**

**ईरान** के सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को बारहवीं मजलिस को सीधे निर्देश देते हुए, युद्धोत्तर परिवेश की चुनौतियों से निपटने के लिए आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव का संकेत दिया। वर्तमान संसद के कार्यकाल के तीसरे वर्ष के उपलक्ष्य में दिए गए संदेश में, सर्वोच्च नेता ने ईरानी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए एक व्यापक एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विधायी शाखा को अब राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के एक स्तंभ के रूप में कार्य करना चाहिए, जिसमें मुद्रास्फीति नियंत्रण और तरलता प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, संसद सदस्यों को आर्थिक स्थिरता, मुद्रास्फीति में कमी, तरलता प्रबंधन, उत्पादन समृद्धि, सातवीं विकास योजना में सुधार और दूसरे और तीसरे थोपे गए युद्धों से हुए नुकसान की मरम्मत और पुनर्निर्माण से संबंधित प्रावधानों को अपने मुख्य एजेंडे के रूप में प्राथमिकता देनी चाहिए, और वर्तमान परिस्थितियों और युद्धोत्तर युग में सरकार और अन्य क्षेत्रों की कार्रवाई के लिए एक रोडमैप तैयार करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रतिनिधियों को सरकार के साथ तालमेल बिठाकर शासन करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा समर्पित करनी चाहिए, ताकि देश का योग्यता-आधारित आधुनिकीकरण हो सके, लोगों की चिंताओं - विशेष रूप से आर्थिक और आजीविका संबंधी मुद्दों का समाधान हो सके, उत्पादन और रोजगार को पुनर्जीवित किया जा सके, विज्ञान और उद्योग को आगे बढ़ाया जा सके, संस्कृति और नैतिकता को बढ़ावा दिया ।

# उद्योग जगत ने दी बड़ी चेतावनी

**अमेरिका**

हैदराबाद SITE एसोसिएशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष जुबैर घंग्रा के अनुसार, संघीय राजस्व बोर्ड की कटौती और अग्रिम कर नीतियां पाकिस्तान के फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स क्षेत्र, विशेषकर खाद्य उद्योग पर गंभीर दबाव डाल रही हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, घंग्रा ने कहा कि मौजूदा कराधान ढांचा औद्योगिक विकास और व्यावसायिक स्थिरता के लिए एक बड़ी बाधा बन गया है। डॉन के अनुसार, उन्होंने कहा कि कर वसूली तंत्र ने पूरी आपूर्ति श्रृंखला में परिचालन संबंधी बाधाएं पैदा कर दी हैं, जिससे व्यावसायिक गतिविधियां धीमी हो गई हैं और संगठित व्यवसायों पर बोझ बढ़ गया है। निमार्ताओं, थोक विक्रेताओं और वितरकों को असमान रूप से निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान के खुदरा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अभी भी पंजीकृत अर्थव्यवस्था से बाहर संचालित होता है। घंग्रा के अनुसार, हजारों अपंजीकृत खुदरा विक्रेताओं की उपस्थिति ने कर का बोझ लगभग पूरी तरह से अनुपालन करने वाले व्यवसायों पर डाल दिया है। उन्होंने कहा कि इस असंतुलन ने औपचारिक क्षेत्र के परिचालन खर्चों में भारी वृद्धि की है, जबकि अपंजीकृत व्यापारियों को जवाबदेही के बिना काम जारी रखने की अनुमति दी है।

इस असमान संरचना ने पंजीकृत कंपनियों पर वित्तीय दबाव और बढ़ा दिया है, जो पहले से ही मुद्रास्फीति और कमजोर उपभोक्ता मांग से जूझ रही हैं। उद्योग जगत के एक प्रमुख नेता ने आगे बताया कि अत्यधिक दस्तावेजी और अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं ने एफएमसीजी और खाद्य कंपनियों की स्थिति को और खराब कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली ने नकदी प्रवाह प्रबंधन को बाधित किया है और कम लाभ मार्जिन पर काम करने वाले व्यवसायों के लिए अनावश्यक प्रशासनिक जटिलताएं पैदा की हैं।

# भड़का ईरान, बोला- अमेरिका ने तोड़ा युद्धविराम, हमारे जहाजों और क्षेत्र पर किया हमला

**अमेरिका**

**ईरान** ने गुरुवार को कथित तौर पर युद्धविराम समझौते के उल्लंघन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की कड़ी निंदा की और वाशिंगटन पर ईरानी क्षेत्र और वाणिज्यिक जहाजों पर हमले करने का आरोप लगाया। यह जानकारी ईरानी मीडिया एजेंसी, फार्स न्यूज एजेंसी ने दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि बंदर अब्बास पर हमले और दक्षिणी ईरान में कथित हवाई हमलों सहित अमेरिका की कथित कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता



का उल्लंघन हैं। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि ईरान की क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अमेरिकी हमलावरों को जवाबदेह ठहराने के अपने कानूनी दायित्व को पूरा करने के लिए बाध्य है। कथित "युद्धविराम उल्लंघन" का जिक्र करते हुए प्रवक्ता ने कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 19 अप्रैल को हुए युद्धविराम का लगातार उल्लंघन, विशेष रूप से फारस की खाड़ी क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हमला, साथ ही पिछले कुछ दिनों में ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों पर हवाई हमला।"

# 250 सुखोई फाइटर जेट्स पर भारत का बड़ा फैसला, चीन के उड़ जाएंगे होश!



**इजराइल**

**भारतीय** वायुसेना की भविष्य की युद्ध क्षमताओं को पूरी तरह से बदलने का एक मास्टर स्ट्रोक चल दिया गया है। भारत का सबसे भरोसेमंद शिकारी सुखोई 30 एमङक की जो अब एक ऐसे डिजिटल कवच से लैस होने जा रहा है जिसे भेद पाना दुश्मन के लिए नामुमकिन हो जाएगा। दरअसल इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर आधुनिक युद्ध अब केवल उन मिसाइलों और बमों के बारे में नहीं रह गया है जिन्हें हम देख सकते हैं। आज के समय में यह एक अदृश्य जंग लड़ी जा रही है जिसे हम इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कहते हैं। उसका नाम भी है। अब इस युद्ध में दुश्मन का सबसे बड़ा हथियार मिसाइल नहीं होता है बल्कि रेडियो तरंगे होती हैं। अगर दुश्मन आपके फाइटर जेट के संचार और नेविगेशन सिस्टम को जाम कर दे, जाम कर दे तो करोड़ों का विमान आसमान में एक अंधे पक्षी की तरह ब्लास्ट हो जाएगा, तबाह हो जाएगा।

जैमिंग एक ऐसी प्रक्रिया होती है जिसमें दुश्मन भारी मात्रा में रेडियो इंटरफेस पैदा करता है ताकि आपके विमान को मिलने वाले जीपीएस सिग्नल रुक जाए। वहीं इस प्रूफिंग इससे भी अधिक घातक है जिसमें दुश्मन आपके सिस्टम को फर्जी सिग्नल भेजकर गुमराह करता है। अब कल्पना कीजिए जरा आपकी पायलट को लग रहा है कि वो अपनी सीमा में है लेकिन इस प्रूफिंग के कारण वो अनजाने में दुश्मन के एयर डिफेंस जाल में फंस सकता है। अब इसी बड़े खतरे को देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने सुखोई 30 एमटीआई के लिए एक क्रांतिकारी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल यानी कि आरएफपी जारी कर दिया है। सुखोई 30 एमङकको भारतीय वायुसेना की रीड माना जाता है।

# अहम खुफिया जानकारियां...मोसाद के एजेंट का भारत पर बड़ा खुलासा

**इजराइल**

**इजराइल** की खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व एजेंट ने भारत को लेकर एक बड़ा खुलासा किया मोसाद के पूर्व एजेंट सागे वैसुलेन ने भारत को इजराइल का रणनीतिक साझेदार बताते हुए कहा कि दोनों देश सिर्फ सुरक्षा ही नहीं बल्कि मूल्यों के स्तर पर भी एक दूसरे के बेहद करीबी सहयोगी हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल पहले भी कई बार भारत के साथ अहम खुफिया जानकारियां साझा करता रहा है और भविष्य में भी भारत पर किसी भी खतरे को लेकर सहयोग जारी रहेगा। यानी कि समय-समय पर मोसाद भारत की खुफिया एजेंसियों को अहम जानकारियां



देता रहता है। मोसाद के पूर्व एजेंट ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इजराइल उसे एक मजबूत और भरोसेमंद सहयोगी के तौर पर देखता है और उनके मुताबिक दोनों देश आतंकवाद और कट्टरपन जैसी चुनौतियों का मिलकर सामना कर रहे हैं।

पूर्व मोसाद एजेंट ने एट फ्रंट यानी सूचना और प्रचार युद्ध का भी जिक्र किया और कहा कि यह एक ऐसा खतरा है जो सीधे हथियारों से नहीं बल्कि सोशल मीडिया और प्रचार के जरिए समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने दावा किया कि कट्टरपंथी इस्लामी समूहों और अल्ट्रा लेफ्ट प्रोग्रेसिव नेटवर्क के जरिए युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है। यह खतरा अमेरिका, यूरोप, भारत और इजराइल हर जगह दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और इजराइल को इस मोर्चे पर मिलकर काम करने की जरूरत है क्योंकि यह पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। साकी वैसुलिन ने सुझाव दिया कि इस तरह के प्रोपगेंडा और सूचना युद्ध से निपटने के लिए एक वैश्विक संगठन बनाया जाना चाहिए जिसकी शुरूआत इजराइल से हो सकती है और जिसमें बड़े देशों को साथ आना चाहिए।

उन्होंने माना कि एक बड़ी खुफिया विफलता थी लेकिन यह जानकारी की कमी नहीं थी बल्कि खतरे का सही आकलन ना कर पाने की गलती।

उनके मुताबिक इजराइल का ध्यान मुख्य रूप से ईरान और दूसरे मोर्चों पर था। जबकि गाजा और हमास से आने वाले खतरों को कमा किया। यही वजह रही कि 7 अक्टूबर जैसी घटना हुई। कुल मिलाकर इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के पूर्व एजेंट ने बहुत से खुलासे किए। भारत को लेकर भी बड़ी जानकारी दी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा